तापमान

अधिकतम 32.1 डिग्री

न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 21 मार्च 2024

13 बीस दिन में नहीं हो सकी आई-ड्राप की जांच, ....



14 सौ बिस्तरों का आरएलटीआर आई सफेद हाथी ...



# लोकसभा चुनाव में उत्तर के सभी बूथों पर मतदान कराने के लिए महिलाओं को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा चुनाव की तर्ज पर अब लोकसभा चुनाव 2024 में भी रायपुर जिले के विधानसभा क्रमांक 50 रायपुर उत्तर के सभी पोलिंग बूथों में मतदान कराने के लिए महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी जिला प्रशासन कर रहा है। विधानसभा चुनाव के दौरान रायपुर उत्तर के 201 पोलिंग बूथों पर मतदान पर्ची चेक करना, उंगली में स्याही लगाना, रजिस्टर में हस्ताक्षर कराना से लेकर वोटिंग करवाने तक का सारा काम महिलाओं ने किया था। यहां तक कि पोलिंग बूथों पर सुरक्षाबल ड्यूटी में भी महिलाओं को ही तैनात किया गया था। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहली बार हुआ था कि किसी जिले में प्रशासन ने किसी एक विधानसभा के सभी पोलिंग बूथों पर चुनाव कराने का सारा काम महिलाओं को सौंपा। प्रशासन की इस पहल की निर्वाचन आयोग ने भी प्रशंसा की थी। विधानसभा चुनाव में मिली इस सफलता को देखते हुए प्रशासन ने अब लोकसभा में भी रायपुर उत्तर विधानसभा के सभी पोलिंग बूथों को पुनः महिलाओं को सौंपने का मन बना लिया है।

### महिलाओं को मिलेगी पूरी सुविधा

विधानसभा चुनाव के दौरान रायपुर उत्तर के 201 पोलिंग बूथों पर 8 सौ से अधिक महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इनमें 2 सौ से अधिक पीठासीन अधिकारी एवं 6 सौ से अधिक मतदान अधिकारी थीं। लोकसभा चुनाव दो पोलिंग बूथ बढ़ाए गए हैं, जिससे इस बार पीठासीन और मतदान अधिकारियों की संख्या भी बढ़ेगी। पोलिंग बूथों में महिलाओं की सुविधाओं का भी ख्याल रखा जाएगा, ताकि ड्यूटी के दौरान उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। विदित हो कि राज्य में लोकसभा चुनाव तीन चरणों में होना है। रायपुर लोकसभा सीट के लिए चुनाव तीसरे चरण में होगा। इसके लिए नामांकन की प्रक्रिया 19 अप्रैल से शुरू होगी। नामांकन की संवीक्षा 20 को एवं वापसी 22 अप्रैल तक होगी। मतदान 7 मई को होगा।

### विधानसभा चुनाव में प्रशासन की पहल की आयोग ने की थी सराहना

- विस चुनाव में वोटिंग करवाने तक का सारा काम महिलाओं ने किया था
- पोलिंग बूथों में सुविधाओं का भी रखा जाएगा ख्याल




### लोकसभा में भी महिलाओं को जिम्मेदारी

विधानसभा चुनाव में सफलता मिली थी। इसे देखते हुए लोकसभा चुनाव में भी विधानसभा क्रमांक 50 रायपुर उत्तर के पोलिंग बूथों में मतदान कराने की जिम्मेदारी महिलाओं को सौंपी जाएगी।

- उमाशंकर बांदे
जिला उप निर्वाचन अधिकारी

### दो पोलिंग बूथ बढ़े

विधानसभा चुनाव 2023 में रायपुर उत्तर में 201 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। लोकसभा चुनाव में इस विधानसभा में सहायक पोलिंग बूथ के रूप में दो बूथ बढ़ाए गए हैं। इस तरह अब विधानसभा 50 में पोलिंग बूथों की संख्या बढ़कर 203 पहुंच गई है।

## खबर संक्षेप

### हाईवा की ठोकर से बाइक चालक की मौत

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम हाईवा की ठोकर लगने से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, बाइक सवार दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।



पुलिस के मुताबिक विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहे हाईवा की ठोकर लगने से 55 वर्षीय पंचराम वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार लक्ष्मीनारायण बंजारे तथा भूखन धृतलहरे घायल हुए हैं। घटना रानीसागर के पास की है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी हाईवा चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### गांजा के साथ महिला सहित नाबालिग गिरफ्तार



**रायपुर।** मंदिरहसौद थाने की पुलिस ने गांजा तस्करी करते एक महिला सहित एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा तस्करों के कब्जे से ढाई लाख कीमत का 24 किलो के करीब गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी करने के आरोप में कुम्मन जेना तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों को टोल नाका के पास ओडिशा की एक बस से गांजा लाते पकड़ा है।

### झगड़ा करने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक चंगोराभाठा श्रीराम नगर निवासी अनुराग साहू ने चंदन बिसे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अनुराग ने पुलिस को बताया है कि चंदन बीच सड़क पर किसी दूसरे लड़के के साथ झगड़ा कर रहा था। इस पर अनुराग ने चंदन को झगड़ा करने से मना किया। इस बात से नाराज होकर चंदन ने अनुराग के साथ मारपीट की।

### दुकान संचालकों ने इसके लिए विभाग को बताया जिम्मेदार, आवंटन कम, पूर्ति कैसे होगी

# एपीएल का राशन बीपीएल को इसलिए खाली हाथ लौट रहे उपभोक्ता, दुकानों को थोक में नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर की कई उचित मूल्य की दुकानों में इन दिनों एपील कार्ड धारकों को न चावल मिल पा रहा है और न ही शक्कर। इसकी शिकायत हितग्राही अब विभाग में करने लगे हैं। इन शिकायतों के बाद विभाग ने भी एक्शन लेते हुए दुकानों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इधर नोटिस पाकर दुकान संचालकों में विभाग के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। दुकान संचालकों का कहना है कि हितग्राहियों को राशन नहीं मिलने की वजह विभाग ही है। विभाग ने ▶▶| शेष पेज 13 पर

### वन नेशन वन राशन कार्ड ने बढ़ाई परेशानी

देशभर की राशन दुकानों में भारत सरकार वन नेशन वन राशन कार्ड की योजना चला रही है। इस योजना के अनुसार कोई भी कार्ड धारक किसी भी दूसरे मोहल्ले, वार्ड एवं शहर की उचित मूल्य की दुकान से अपने राशन कार्ड से राशन ले सकता है। इस योजना के तहत शहर की राशन दुकानों में भी हर महीने बड़ी संख्या में दूसरे वार्ड एवं शहर के हितग्राही राशन लेते हैं, जबकि राशन दुकानों को पंजीकृत कार्डों की संख्या के आधार पर ही चावल और शक्कर का आबंटन किया जाता है।



### 33 प्रतिशत कर दिया आबंटन

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में कुल 228 राशन दुकानें संचालित हैं। इनमें 98 नई दुकानें पिछले वर्ष जुलाई में खोली गई थीं। इन दुकानों के खुलने के बाद पुरानी एवं नई मिलाकर सभी राशन दुकानों में कार्डों का विभाजन हुआ था। इसके अनुसार प्रत्येक राशन दुकान में न्यूनतम 500 सौ से एक हजार के बीच राशन कार्ड का विभाजन किया गया है। राशन ▶▶| शेष पेज 13 पर

### दो दर्जन से अधिक दुकानों को नोटिस

शहर में संचालित बड़ी संख्या में राशन दुकानों में एपीएल कार्डधारकों को राशन नहीं मिल पा रहा है। इसकी शिकायतों पर दो दर्जन से अधिक दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### शिकायतों पर नोटिस जारी

विभाग के खाद्य निरीक्षकों को राशन दुकानों में एपीएल कार्ड धारकों को राशन नहीं मिलने की शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों के आधार पर संबंधित राशन दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

- **अरविंद दुबे**, जिला खाद्य नियंत्रक

### आवंटन कम, हितग्राही ज्यादा

नई दुकानों के खुलने के बाद पंजीकृत हितग्राहियों के अनुसार विभाग ने आबंटन कम कर दिया है। वन नेशन वन कार्ड योजना के कारण दूसरे हितग्राही भी राशन लेने आते हैं। इसीलिए पंजीकृत कई हितग्राही को राशन नहीं मिल पाता। दुकानों को नोटिस देना गलत है।

- **नरेश बाफना**, पीडीएस विक्रेता संघ रायपुर

## मौसम खुला, अब बढ़ेगी गर्मी, पारा होगा 35 से पार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंधड़, ओलावृष्टि और बारिश के जरिए फसलों को प्रभावित करने वाली मौसमी हलचल अब समाप्त हो गई है। आसमान खुलने के बाद गुरुवार से तापमान में वृद्धि का दौर शुरू होगा। राज्य में हवा के साथ आने वाली नमी की मात्रा कम होने से 32 डिग्री तक पहुंच चुका तापमान फिर से 35 के पार होगा। मौसम बदलने की वजह से पिछले तीन दिन में राज्य में अच्छी बारिश हुई है। आंकड़ो के अनुसार मार्च महिने में अब तक 2.5 सेमी बारिश हो चुकी है।

- कम हुई दक्षिण की नमी वाली हवा, 32 डिग्री से फिर चढ़ेगा पारा

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी ने पिछले चार दिनों तक राज्य के मौसम को बुरी तरह प्रभावित किया था। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### परिवार अब तक सदमें में, बच्चे का किया अंतिम संस्कार

# हादसे के बाद पुलिस एक्टिव, अब मॉल्स में होगा सुरक्षा आडिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

पंडरी सिटी सेंटर मॉल के एस्केलेटर से तीसरी मंजिल से गिरकर चार माह के बच्चे की मौत की घटना के बाद परिजन अभी भी सदमे में हैं। इस वजह से पुलिस मृत बच्चे के परिजनों से अब तक पूछताछ नहीं कर पाई है। घटना के बाद पुलिस शहर के भीतर संचालित सभी मॉल्स का सुरक्षा ऑडिट कर सुरक्षा मजबूत करने दिशा निर्देश जारी करेगी।

गौरतलब है कि मंगलवार को पंडरी मॉल में शॉपिंग करने गए बैंक मैनेजर मूलतः झारखंड निवासी राजन सिंह के बच्चे की एस्केलेटर की तीसरी मंजिल से गिरने की वजह से मौत हुई थी। बच्चे की मौत सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही हो गई थी। घटना के बाद बच्चे के माता-पिता सदमे में हैं। इसके कारण ▶▶| शेष पेज 13 पर


हरिभूमि

सिटी मॉल में बड़ा हादसा, पिता की गोद से फिसला मासूम, तीन मंजिल से गिरा, मौत

### परिवार दो साल पहले आया

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक दो वर्ष पूर्व राजन अपनी मां, पत्नी तथा एक बच्चे को लेकर रायपुर, सड्डू स्थित मेट्रो ड्रीम होम में रहने के लिए आया है। पुलिस के मुताबिक घटना के बाद बच्चे के माता-पिता सदमे में हैं, इसके कारण उनसे किसी भी तरह से पूछताछ नहीं की जा सकी है।

### जानकारी जुटाते पहुंची पुलिस

बच्चे के एस्केलेटर की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद परिजन बच्चे को एक निजी अस्पताल लेकर गए, वहां से अस्पताल प्रबंधन ने बच्चे को रामकृष्ण अस्पताल रेफर किया। इसके बाद परिजन बच्चे को एक अन्य निजी अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद गमजदा परिवार बच्चे को लेकर अपने घर चले गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस को बच्चे के परिजनों के बारे में किसी तरह से कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इसके बाद बुधवार सुबह पुलिस पूछताछ करते बच्चे के परिजनों तक पहुंची, तब तक परिजन बच्चे का अंतिम संस्कार कर चुके थे।

## रविवि की सेमेटस्ट परीक्षाएं मई में, आवेदन 27 मार्च से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि ने सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके मुताबिक सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवेदन 27 मार्च से प्रारंभ हो जाएंगे। रविवि अध्ययनशाला और संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों को 10 अप्रैल तक का समय आवेदन करने के लिए दिया जाएगा। इसके बाद 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ 11 से 16 अप्रैल तक छात्र आवेदन कर सकेंगे। तिथि समाप्त होने के बाद छात्रों को आवेदन करने दोबारा मौका नहीं दिया जाएगा। रविवि की वार्षिक परीक्षाएं 5 मार्च से प्रारंभ हो चुकी हैं। मई के ▶▶| शेष पेज 13 पर

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## रायपुर मेडिकल कालेज के जूनियर डाक्टरों ने मांगी साप्ताहिक छुट्टी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंबिकापुर के बाद रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज के जूनियर डाक्टरों ने साप्ताहिक छुट्टी मांगी है। यहां करीब डेढ़ सौ पीजी डाक्टर अपनी पढ़ाई के साथ आंबेडकर अस्पताल में काम कर रहे हैं। छात्रों का हवाला है कि मानसिक दबाव को ध्यान में रखते हुए एनएमसी ने इसका प्रावधान किया है।

- जेएन कालेज में डेढ़ सौ पीजी डाक्टर कर रहे काम

जेएन मेडिकल कालेज के स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के छात्रों ने बुधवार को अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया को ज्ञापन सौंपकर एक दिन का साप्ताहिक अवकाश स्वीकृत ▶▶| शेष पेज 13 पर

### पहले भी उठी चुकी मांग

पिछले दिनों अंबिकापुर के शासकीय मेडिकल कालेज में भी इस तरह की मांग की गई थी और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। रायपुर में डीन को ज्ञापन देने वालों में डॉ. रेशम सिंह, डॉ. कालेश्वर नेगी, डॉ. कृपाशंकर पैकरा, डॉ. ऋषि अग्रवाल, डॉ. भागवत, डॉ. नवीन एवं डॉ. सुमन शामिल थे।



## खबर संक्षेप

### ग्रेसी नायक का सैनिक स्कूल के लिए चयन



**धरसींवा।** स्वामी आत्मानंद इंगिलिश मीडियम स्कूल सिलतरा के छात्रा कु. ग्रेसी नायक पिता श्री ठाकुर राम नायक माता श्रीमती अनुपमा नायक मूल निवासी गोढ़ी एवम सिलतरा का चयन आल इंडिया /"सैनिक स्कूल/" में हुआ है। इस प्रतिभावान छात्रा का चयन होने से अंचल में खुशी की लहर है। वही कुर्मी समाज में ग्रेसी नायक का चयन होने पर राजप्रधान व पदाधिकारियों ने बधाई दी है। सिलतरा पंचायत के साथ गांव के लोग प्रशन्नता जाहिर करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।साथ ही विद्यालय की ओर से उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक दिए है। देशभर में सैनिक स्कूलों की संख्या 33 है। जिन्हें केंद्र सरकार संचालित करती है. जिसमें केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, रेलवे स्कूल, नवोदय स्कूल शामिल हैं।

### निनवा में 23 से रामायण स्पर्धा

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम निनवा में आज से 23 मार्च तक तीन दिवसीय मानसगान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम शाम 4 बजे दीप प्रज्वलन के साथ शुरू होगा और 23 मार्च को रात 8 बजे समाप्त होगा। सभी मानस मण्डली को दानदाताओ के सहयोग से 751 रु. प्रोत्साहन राशि दिया जायेगा।

### सरपंच सहित कई कांग्रेसी भाजपा में हुए शामिल



**आरंग।** आरंग में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुचे बीजेपी के लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के समक्ष भाजपा के रीति–नीति से प्रभावित होकर तीन सरपंचों सहित कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने भाजपा प्रवेश किया। बृजमोहन अग्रवाल में सभी को बीजेपी का गमछा पहना कर स्वागत किया। प्रवेश करने वालो मे प्रमुख रूप से श्रीमती गीता साहू पूर्व सरपंच बैहार, हेमंत साहू, मनीराम आडिल सरपंच ग्राम फरफौद, पूनाराम वर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व जनपद सदस्य, पुनीताराम साहू सरपंच ग्राम अमोदी, विष्णु साहू पूर्व गौठान अध्यक्ष कोसरंगी, सहित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यो एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब के स्वच्छ एवं सरल व्यक्तित्व से प्रभावित होकर बीजेपी में शामिल हुए है।

# 44 वर्षों से ग्राम राटाकाट में नहीं जलाई जाती है होलिका पर होता है रंगोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

अंचल के ब्लाक मुख्यालय आरंग से करीब तीन किलोमीटर दूरी में स्थित ग्राम है राटाकाट। जो

- **होली के समय गांव में फैली थी महामारी, हुई थी कई लोगों की मौत, तब है प्रतिबंधित**

महानदी के तट पर बसा है। जहां चौरालीस वर्षो् से होलिका दहन नही किया जाता। गांव के बुजुर्गगण बताते हैं इस गांव में चौवालीस साल पहले होली के समय हैजा महामारी का प्रकोप आया। जिसमें गांव में कई लोगों की मृत्यु हो गई।

उस समय यहां होली जलाई गई तो यहां झगड़ा लड़ाई और तनाव का वातावरण बनने लगा तभी ग्रामीणों ने एक जुट होकर होलिका दहन नही करने का निर्णय लिया। तब से अब तक गांव में होलिका दहन नही किया जाता।

गांव के बुजुर्गो से होलिका दहन नही करने का कारण जानने पर ज्ञात हुआ होलिका दहन करने से गांव में कुछ न कुछ अप्रिय घटना घट जाती थी। जिससे जान माल की हानि हो जाता था। जानवरों में खुरहा चपका बीमारी फैल जाना जिससे जानवरों व लोगों को बहुत परेशानी उठाना पड़ा। तब से ग्राम में होलिका दहन करना बंद कर दिया। उस समय से गांव में किसी प्रकार से घटना होना बंद हो गया। यही कारण है चौरालीस वर्ष हो गया होलिका दहन नही होता।

**अप्रिय घटना होने की आशंका**



***चबूतरा है स्थापित***

*पर आज भी होलिका जलाने के स्थान पर होलिका दहन की चबूतरा स्थापित है। पर उस दिन गांव के कोई भी व्यक्ति होलिका दहन स्थल में नही जाते। वहीं अन्य गांवों की तरह रंग–गुलाल खेलकर हर्षोल्लास के साथ होली मनाते है। उस समय से अब तक गांव के लोगो द्वारा होलिका दहन को लेकर कोई प्रयास नही किया गया है।*

## जनपद सदस्य से लेकर विधायक और पूर्व विधायकों को तोड़ने का प्रयास

# महंत ने कहा- कांग्रेस नेताओं पर भाजपा प्रवेश करने का बनाया जा रहा दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने आरोप लगाया कि प्रदेशभर में हमारे कांग्रेस नेताओं को डराया जा रहा, दबाव बनाया जा रहा है कि वे भाजपा में शामिल हो जाएं। उन्होंने कहा, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के पास भी पास भी फोन आ रहे हैं।

संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, ये उन्हें पूरी तरह से डराने और धमकाने की कोशिश है। यह बात अब जग जाहिर हो चुकी है, लेकिन हमारे नेता ने हिम्मत से काम लिया। उन्होंने कहा कि न तो मैं कोर्ट जाऊंगा, न ही जमानत लूंगा। मैं अपनी लड़ाई खुद लड़ूंगा और उनकी इस लड़ाई में हम सब उनके साथ हैं।

महंत का आरोप है कि जयसिंह सहित प्रदेश के कांग्रेस नेताओं पर भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। उनका आरोप है कि जयसिंह सहित प्रदेश के कांग्रेस नेताओं पर भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है।




### भूपेश को साजिश के तहत फंसाया

राजनांदगांव में भूपेश बघेल के सामने मंच पर कार्यकर्ता के आरोपों को भी उन्होंने भाजपा की साजिश बताया है। महादेव सट्टा ऐप केस में ईडी की ओर से ईओडब्ल्यू में दर्ज कराई गई एफआईआर में पूर्व सीएम भूपेश बघेल का भी नाम भूपेश बघेल को साजिश के तहत फंसाने का प्रयास किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री जिस मामले में स्वयं 2022 से कार्रवाई कर रहे हैं, 72 केस दर्ज किए। 400 लोगों की गिरफ्तारियां हुईं। उसमें भूपेश बघेल पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। जबरदस्ती उनका नाम जोड़कर परेशान करने की कोशिश हो रही है। षड्यंत्र के तहत उनका नाम डाला गया है।

### ऐसी राजनीति कभी नहीं हुई

उन्होंने कहा, इस तरह की राजनीति कभी नहीं हुई। यह लोग हमारे नेताओं को लगातार फोन कर रहे हैं। हमारे कई विधायक और पूर्व विधायक हैं, जिनसे संपर्क में रहने का प्रयास कर रहे हैं। जयसिंह अग्रवाल जैसे हमारे दबंग नेता के पास भी उनकी कोशिश जारी है। यह पूरी तरह से नाकाम रहेगी, इनके बहकावे में कोई नहीं आएगा।

### इन नेताओं पर भी बना रहे दबाव

चरण दास महंत ने कहा एक बात समझ में नहीं आ रही है कि बीजेपी लगातार केवल हमारे ही क्षेत्र में नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में जो जनपद के सदस्य हैं, अध्यक्ष हैं, नगर पालिका के सदस्य हैं, मेयर हैं, सब पर कोई न कोई ऐसा दबाव बना रही है कि वह कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो जाएं।

### बीजेपी में डर का माहौल

उन्होंने कहा, बीजेपी को डर है कि जो सुबह से शाम तक यहां चिल्ला रहे थे कि हम 11 सीट जीतेंगे, उनको 11 सीट नहीं मिलेगी। पूरे देश में हल्ला कर रहे हैं कि 400 सीट, 400 सीट, वह भी केवल एक सपना मात्र है, जो कभी पूरा नहीं होगा।

# सीआरपीएफ स्थापना दिवस पर हुई विविध प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

नवा रायपुर के ग्राम थनौद स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 211वीं बटालियन का 14वां स्थापना दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर कैम्प परिसर मे क्रिकेट, लॉन टेनिस, बैडमिंटन एंव बालीवाल एवं संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमाण्डेन्ट संजीव रंजन ने सभी अधिकारियों व जवानों सहित उनके परिजनों को स्थापना दिवस की बधाई देते बताया कि बटालियन की स्थापना 20 मार्च 2010 को केरल के पल्लीपुरम में हुआ था पश्चात छत्तीसगढ मे बटालियन का स्थापना किया गय और उसी वर्ष से गरियाबन्द और धमतरी जिलें में तैनात होकर छत्तीसगढ़-उड़ीसा सीमा के क्षेत्र में परिचालन व स्थापना के कार्य निरतंर चल रहा है जिसमे स्थानीय लोग व जिला प्रशासन पर भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर बड़े खाने का भी आयोजन रखा गया था। इस दौरान द्वितीय कमान अधिकारी रंजन कुमार बहाली, द्वितीय कमान अधिकारी काजी इरफान जीलानी , उप कमाण्डेन्ट नीरज कुमार, उप कमाण्डेन्ट वाई. के. निक्सन निरी. संजीब कुमार भोई, निरी. श्याम नारायण मिश्रा एंव वाहिनी के जवानों एंव उनके परिवार जन बड़ी संख्या मे उपस्थित रहें।

## डीईओ ने सेमरिया स्कूल की आकस्मिक जांच की



**आरंग।** रायपुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय कुमार खण्डेलवाल द्वारा जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र विकासखंड आरंग के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया (समोदा) का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। डीईओ डॉ. खण्डेलवाल ने स्कूल परिसर व क्लासरूम का निरीक्षण किया। डीईओ स्कूल के विद्यार्थियों से रूबरु भी हुए और विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिये। साथ ही साथ गणित और अंग्रेजी विषय पर विद्यार्थियों को अधिक फोकस करने कहा। गणित को बार बार हल करके देखने तथा अंग्रेजी का सही स्पेलिंग लिखने बच्चे को निर्देशित किये। बहुत दिनों के बाद किसी जिला स्तर के अधिकारी का सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सेमरिया में दौरा हुआ है। डॉ. विजय कुमार खण्डेलवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यभार ग्रहण करने के कुछ दिन बाद ही ग्रामीण क्षेत्र सेमरिया में आकस्मिक निरीक्षण कर बता दिया है कि उनका प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल ही रहेंगें और उनका दौरा सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में होता रहेगा। सेमरिया स्कूल के निरीक्षण के पश्चात डीईओ यहां की व्यवस्था और कार्य प्रणाली से संतुष्ट नजर आये।

## शराब का अवैध परिवहन एक आरोपी गिरफ्तार



**आरंग।** आरंग पुलिस ने अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को गिरपतार किया है। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आरंग महासमुंद तिराहा के पास से अवैध रूप से शराब बिक्री करने ले जा रहे आरोपी मंटुराम बांदे पिता लेनुराम बांदे उम्र 52 साल ग्राम तामासिवनी थाना आरंग जिला रायपुर के कब्जे से 30 पावा देसी मदिरा मसाला शराब कीमती 3300 रूपये का बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से गिरफ्तार कर प्रकरण अजमानती होने से न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेजा गया है।

## विधायक गुरु खुशवंत ने मानवता की मिसाल दी



**आरंग।** आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब अपने रायपुर निवास से जनदर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुनने और उनका निराकरण करने आरंग जा रहे थे। इसी दौरान मंदिरहसौद स्थित हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड एलपीजी भराई संयंत्र के सामने गांधीग्राम नकटा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल वहां रोक कर घायल व्यक्तियों को पानी पिलाया और एंबुलेंस की व्यवस्था की। फोन के माध्यम से नजदीकी चिकित्सा एवं पुलिस विभाग से बात करके तत्काल स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिये।

# द्वारकानी परिवार ने पंधी शाला में दिया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

शासकीय प्राथमिक शाला पंधी में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण आहार योजना के अंतर्गत वरिष्ठ सेवानिवृत्त प्राचार्य पी.डी. द्वारकानी ने सपरिवार अपने 81 वे जन्मदिवस पर बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया।

इस अवसर पर जब विद्यार्थियों ने उन्हें हैप्पी बर्थडे कहा तो वे भावुक हो उठे तथा कहां की बच्चों की फुलवारी मन को आनंद देने वाली है। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में खूब तरक्की करें, गुरुजनों की आज्ञा का पालन करें एवं संस्कारवान भी बने, तथा न्योता भोज में बालवाड़ी, प्राथमिक, मिडिल एवं आंगनबाड़ी के कुल 190 विद्यार्थियों को लड्डू, हलवा, नमकीन, केला, संतरा एवं बिस्किट परोसे गए। बच्चों ने सामाजिक समरसता का आनंद लेते हुए बड़ी प्रसन्नता के साथ न्योता भोज किया। इस अवसर पर प्रहलाद दास द्वारकानी परिवार से घनश्याम दास द्वारकनी, आनंद द्वारकानी, सुमन द्वारकानी, सुषमा द्वारकानी, कर्णिका द्वारकानी, प्रथम द्वारकानी, गोपाल सारडा, गोविंद सारडा एवं बिटिया पूर्वा तथा प्राथमिक प्रधान पाठक उमेंद्र कुमार चंद्राकर, मिडिल प्रभारी प्रमिला चंद्राकर व शिक्षकगण सालिक राम लहरी, रामनाथ बंजारे, अर्चना भगत, श्रद्धांजलि साहू, इरफान खान, जागेश्वर चंद्राकर, विश्राम बंजारे, आश्रिता प्रधान, संकुल समन्वयक अमित अग्रवाल सहित समस्त शाला परिवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं गणमान्य ग्रामवासियों की खासी उपस्थिति रही।





### जन्मदिन पर बच्चों को दिया न्योता भोज

**तिल्दा नेवरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला जंजगीरा में बुधवार को न्योता भोज का आयोजन किया गया। यह भोज गांव के भोगचंद टंडन द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर दिया गया। न्योता भोज में शाला के 170 बच्चे और शाला प्रबंधन समिति से सदस्य शामिल हुए। इस दौरान बच्चों ने खीर और पूरी का मजा लिया। इस दौरान संकुल समन्वयक योगेश साहू, महिला समूह से श्रीमती अमृत साहू, अनार बाई, राजो बाई, यशोदा चतुर्वेदी उपस्थिति रहीं। वहीं प्रधान पाठक आरआर मिर्चे, गोपाल प्रसाद वर्मा, बसंत कुमार साहू प्राथमिक प्रधान पाठक श्रीमती सीमा वर्मा, श्रीमती प्रीति बंजारे, श्रीमती मिथलेश साहू उपस्थित रहे।


**// जाहिर सूचना //**

सर्वसाधारण एवं हर आम-खास को सूचित किया जाता है कि ग्राम सरोना, प.ह.न. सरोना, तहसील एवं जिला रायपुर की भूमि खसरा क्र.0 318/5, रकबा 0.008 हे. मेरे पक्षकार श्री राजेश अग्रवाल पिता श्री रामावतार अग्रवाल के स्वत्व-स्वामित्व एवं कब्जे दखल की भूमि है, जिसकी चौहद्दी उत्तर दिशा में रास्ता, दक्षिण में भूमि खसरा क्रं. 307/2 पश्चिम में भूमि खसरा क्र. 318/19 तथा पूर्व में मानसिंह की भूमि है।

श्री शेख अब्दुल करीम द्वारा भूमि खसरा क्र. 307 /2 से ईटा-भट्ठा मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए मेरे पक्षकार के स्वामित्व की भूमि खसरा क्रं. 318/5 से अंश भूमि रकबा 1000 वर्गफिट (10×100 फिट) जरिए पंजीकृत बयनामा वर्ष 2014 में क्रय किया है, जिसकी चौहद्दी उत्तर दिशा में पक्का सड़क रास्ता, पश्चिम में प्रवीण गुप्ता की भूमि, दक्षिण में क्रेता की भूमि तथा पूर्व में विक्रेता की भूमि स्थित है।

मेरे पक्षकार की उपरोक्त चतुर्सीमा की भूमि के संबंध में श्री शेख अब्दुल करीम द्वारा किए जा रहे विवाद के संबंध में दैनिक समाचार पत्र पत्रिका एवं हरिभूमि में दिनांक 09.01.2024 को प्रकाशित आम सूचना का भी संदर्भ ग्रहण करें। उपरोक्तानुसार सूचना प्रकाशित कराकर हर आम खास को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमियों के संबंध में निकट भविष्य में अतिशीघ्र व्यवहार न्यायालय में वाद प्रस्तुत कर रहा है।

दिनांक 20/03/2024

भवदीय
जतिन्दर सिंह सैन्सरी, अधिवक्ता
कार्यालय मकान नं. बी 13, मैत्री विहार,
गोलछा पार्क के सामने, महावीर नगर,
रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 9009635904

**आम सूचना**

दिनांक-20/03/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमिस्वामी श्रीमती इन्द्रजीत कौर पति श्री बहादुर सिंह निवासी - भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम खोरपा, प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. खोरपा, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 1990, 2017/1 रकबा क्रमशः 0.360 हे., 1.790 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 2.150 हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा तय कर लिया है तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है ।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय या परिवार के किसी भी सदस्यो को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता/अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लेवेंगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा। एवं सदभावक क्रेता माना जावेंगा ।

दिनांक-20/03/2024
स्थान- अभनपुर

भवदीय
नागेन्द्र कुमार सिन्हा (अधिवक्ता)
अभनपुर, मो.नं. 9893906809

**आम सूचना**

(ग्राम - टेकारी, प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. छपोरा, तहसील तिल्दा एवं जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 3209, 3210/2, 3211/3, 3211/4 एवं रकबा क्रमशः 0.6890 हे., 0.1140 हे., 0.1620 हे., 0.2400 हे., कुल खसरा 04 एवं कुल रकबा 1.2050 हेक्टेयर के संबंध में )

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता अतुल वर्मा, पिता श्री दामन सिंह वर्मा, निवासी- 82, वार्ड क्र. 08, दोंदेकला, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम - टेकारी, प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. छपोरा, तहसील तिल्दा एवं जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 3209, 3210/2, 3211/3, 3211/4 एवं रकबा क्रमशः 0.6890 हे., 0.1140 हे., 0.1620 हे., 0.2400 हे., कुल खसरा 04 एवं कुल रकबा 1.2050 हेक्टेयर है, जिसको मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर सम्पूर्ण प्रतिफल राशि विक्रेता को चेक के माध्यम से प्रदान किया जा चूका है तथा उक्त भूमि का विक्रय विलेख दोनों पक्षकारों द्वारा हस्ताक्षर कर समस्त दस्तावेजों सहित तैयार किया जा चूका है, किन्तु विक्रेता को बार-बार सुचना देने के पश्चात भी उक्त भूमि के पंजीयन हेतु पंजीयन कार्यालय में उपस्थित नहीं हो रहे है।

अतएव उपरोक्त भूमि के कुल या कुछ भाग के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, समिति, फर्म, निकाय, कंपनी, शासकीय एवं अशासकीय निकाय, प्राधिकरण आदि को यह सूचित किया जाता है कि, किसी भी प्रकार का अनुबंध या विक्रय इकरारनामा निष्पादन नहीं किया जावे, यदि किसी के द्वारा उक्त भूमि के संबंध में कोई अनुबंध या विक्रय इकरारनामा निष्पादन किया जाता है तो वह इस सूचना के तहत मिथ्या एवं कानूनी शून्य समझा जावेगा । सो सूचना जाने

स्थान : रायपुर (छ.ग.) दिनांक : 20/03/2024

सिद्धार्थ जैन, अधिवक्ता
मच्छी तालाब, गुढ़ियारी, रायपुर,
तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.)
मो. नं. 9753431111

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2024,
बिलासपुर, दिनांक 19 .03 .2024

प्रति,
श्री रबिन्द्र कुमार पंडा आत्मज श्री जगन्नाथ पंडा उम्र-46 वर्ष निवासी जनेला 366 सेक्टर 3 देवेन्द्र नगर वीटीसी रायपुर थाना गंज तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) एवं सुजाता सिंह आत्मजा डॉ. ठाकुर अजीत सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी एचआईजी 2/डी 42 अभिलाषा परिसर तिफरा थाना सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 25 .04 .2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।





रबिन्द्र कुमार पंडा सुजाता सिंह

अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार, आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र...../अ-6अ/वर्ष 2022-23
ग्राम-ओड़का प.ह.नं. 32, रा.नि.मं. भिलाई

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेश दास पिता कंगलू जाति सतनामी निवासी ग्राम ओड़का, थाना आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर ने ग्राम ओड़का प.ह.नं. 32 तहसील आरंग जिला रायपुर में स्थित उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 427 रकबा 0.607 हे. भूमि धारित की जाती है। बंदोबस्त के दौरान उक्त भूमि का खसरा नंबर 538, 579 रकबा 0.52 हे. 0.08 हे. दर्ज हो गया नक्शा को त्रुटिपुर्ण करते हुए उक्त खसरा नंबर का नक्शे का तालाब के अंदर दर्शाया गया है। भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 107 (5) के तहत आवेदन पत्र अपर कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो न्यायालय अ.वि.अ. (रा) आरंग जिला रायपुर के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 22/03/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**आम सूचना**

20/03/2024

मौजा आरंग, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. व तह. आरंग, जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 4325/1 शामिल खसरा 4325/2 रकबा 0.789 हे. भूमि के संबंध में।

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता मो. हनीफ मेमन पिता हाजी अब्दुल बकर मेमन निवासी भाठागांव रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो मौजा आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. व तह. आरंग जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है जिसका खसरा नंबर 4325/1 शामिल खसरा 4325/2 रकबा 0.789 हे. को क्रय करने का मौखिक सौदा किया है और टोकन की राशि भी अदा कर दिया है। ईश्तहार एवं स्वत्व की जांच पश्चात बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक, शासकी, अर्द्धशासकीय विभागों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे समक्षकार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख करार निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

भवदीय
गोपाल राम चंद्राकर
नोटरी/एडव्होकेट
तहसील कार्यालय आरंग
जिला-रायपुर छ.ग.
मो. 9926694775

**न्यायालय नायब तहसीलदार, आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग )**

**-: आम सूचना :-**

रा. प्र. क्रं. 202401115300015/अ-70/2023-24
ग्राम कुम्हारी प.ह.नं.- 39, रा.नि.मं.- भिलाई
तहसील- आरंग, जिला-रायपुर

प्रति,
1. सिलोचना पिता कृपाराम, काश्तकार ग्राम कुम्हारी तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. हाल मुकाम-ग्राम गनौद तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर छ.ग.
2. नारायण पिता गुहरी निषाद, 3. रामलाल पिता गजानंद सभी निवासी ग्राम कुम्हारी तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है, कि आवेदक प्रीतराम पिता कार्तिक राम ध्रुव काश्तकार ग्राम कुम्हरी तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग द्वारा छ.ग. भू.रा.सं. 1959 की धारा 250 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम कुम्हारी प.ह.नं.39 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 543/2, 1430/2 रकबा 0.06, 0.420 हे. भूमि प्रीतराम पिता कार्तिक राम ध्रुव के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि खसरा नंबर 1430/2 के भाग रकबा 0.01 हे. भूमि पर अनावेदक सिलोचना पिता कृपाराम रकबा 0.02 हे. भूमि पर नारायण पिता गुहरी निषाद रकबा 0.16 हे. भूमि पर जगदीश पिता फुलसिंग गोड़ तथा खसरा नंबर 543/2 का भाग रकबा 0.03 हे. भूमि पर रामलाल पिता गजानंद द्वारा अनाधिकृत्य रूप से कब्जा किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि पर से अनावेदकगणों को बेदखली कर कब्जा पुर्नस्थापनपा किये जाने हेतु आवेदन सह पत्र सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जो आपकी उपस्थिति हेतु नियत है।

उक्त विचारधीन प्रकरण दिनांक 15/04/2024 को आपकी उपस्थिति हेतु नियत किया गया है। अतएव आप स्वंय या अपने अभिभावक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह आम सूचना आज दिनांक 15/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**// आम सूचना //**

दिनांक- 20.03.2024

**मौजा आरंग, प.ह.नं. 29, रा.नि.म. व तह. आरंग, जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 4323 रकबा 0.344 हे., खसरा नंबर 4326 रकबा 0.129 हे. एवं खसरा नंबर 4327/2 रकबा 0.121 हे. भूमि के संबंध में ।**

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता मीनाबाई पिता रामभरोसा बघेल जाति मोची निवासी आरंग तह. आरंग जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो मौजा आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.म. व तह. आरंग जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है जिसका खसरा नंबर 4323, 4326, 4327/2 रकबा 0.344, 0.129, 0.121 हे. को क्रय करने का मौखिक सौदा किया है और टोकन की राशि भी अदा कर दिया है ईश्तहार एवं स्वत्व की जांच पश्चात बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभागों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे समक्ष कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख करार निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

सो सूचना जाने

भवदीय
गोपाल राम चंद्राकर
नोटरी / एडव्होकेट
तहसील कार्यालय आरंग जिला रायपुर छ.ग.
मो.न. 9926694775

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री महेश कुमार साहू पिता भागवत राम साहू, निवासी-डुण्डा, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता श्री विद्याशंकर साहू व खेलावन साहू, दोनों पिता- श्री तिहारू राम साहू, दशोदा बाई साहू बेवा तिहारू राम साहू सभी निवासी-ग्राम सिहाद, पो.-भखारा, जिला धमतरी छ.ग. के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा- सिहाद, प.ह.नं.- 26, रा.नि.मं.- भखारा भठेली, तहसील- भखारा, जिला-धमतरी छ.ग. में स्थित है जिसका खसरा नंबर-361/2 रकबा 0.220 हेक्टेयर भूमि है को क्रय करने का अनुबंध कर उपरोक्त विक्रेता को बयाना राशि दे दिया है अब अनुबंध की शर्तों के अनुसार विक्रय पत्र का पंजीयन निष्पादन शेष है। शेष विक्रय प्रतिफल बैनामा पंजीयन के समय क्रेता द्वारा विक्रेता को अदा किया जावेगा ।

अतः उक्त संपत्ति के स्वत्व आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति सरकारी व गैर सरकारी संस्था, साहूकार, बैंक, निगम आदि किसी को भी यदि कोई आपत्ति, उजर, दावा आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से 07 दिनों के अंदर मय दस्तावेजों के नीचे लिखे पते पर, मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगा, निर्धारित अवधि के पश्चात की गयी आपत्ति शून्य व नाजायज समझी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी । अतः सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-20/03/2024

भवदीय
श्रीकांत दारवेकर, अधिवक्ता
चंगोराभाठा, रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 9575499959

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम भटगांव प.ह.नं. 08
रा.प्र.क्र. 202403115900014/अ--59 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री कृषराम धीवर पिता स्व. श्री गोकुल राम धीवर एवं अन्य 136 निवासी ग्राम भटगांव रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम भटगांव प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर एवं आस पास निवासरत मसीही समुदाय हेतु शमशान घाट के लिए शासकीय भूमि आबंटन हेतु मांग किया है। भूमि आबंटन हेतु आवेदन माननीय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त के संबंध मे हल्का पटवारी नं. 08 द्वारा जांच प्रतिवेदन पेश किया गया। हल्का पटवारी द्वारा मसीही समुदाय हेतु शमसान घाट के लिए शासकीय घांस भूमि ख.नं. 864 रकबा 0.15 हे. भूमि चिन्हांकित किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है ।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था /समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 04/04/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 14/03/2024 को जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार
उप तहसील खोरपा

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला- रायपुर छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

**क्रमांक /क/ बी-121/2024 रायपुर, दिनांक 12/03/2024**
**ग्राम- रायपुर खास प.ह.नं. ........**
**तहसील रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका/ आवेदक श्री रमेश ओस्तवाल पिता-स्व. श्री रूपचंद ओस्तवाल द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के पिता जी स्व. श्री रूपचंद ओस्तवाल, पिता-स्व. श्री दिपचंद ओस्तवाल की मृत्यु दिनांक 13/10/95 को घर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 26/03/2024 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 12/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

पत्र क्रं./9771/न.पा.नि./जोन क्र. 10/2024
रायपुर दिनांक 19/03/2024
नामांतरण प्र.क्र. 9771
**वार्ड का नाम- 52 डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446P00354 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SONALI AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती MANISH AGRAWAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SEEMA CHAURASIA पिता/पति श्री/श्रीमती Pradeep Chaurasia ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जानें।

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### चाकूबाजी की घटना में तीन दिन बाद एफआईआर

**रायपुर।** मौदहापारा थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व चाकूबाजी की घटना में पुलिस ने तीन लड़के तथा उनके साथियों के खिलाफ हत्या की कोशिश सहित बलवा का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक राज रक्सेल की शिकायत पर पुलिस ने अमीत अहमद, अनश खान, कसीम तथा अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। राज ने पुलिस को बताया है कि 17 मार्च को देर शाम बदमाशों ने उसके बेटे रवि की कार को रोककर उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

### कार पलटी, बड़ा हादसा टला



**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में मेडिकल कालेज में पढ़ने वाले छात्र की कार पलटने से बड़ा हादसा टल गया। घटना एक्सप्रेस वे में देर रात की है। पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार देर रात की है। मेडिकल कालेज में पढ़ने वाला डॉ. राहुल वर्मा अपनी कार से शंकर नगर से तेलीबांधा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान कार के सामने एक स्ट्रीट डॉग आ गया। कुत्ते को बचाने के लिए राहुल ने कार को साइड किया, तो कार फूटपाथ पर चढ़ कर पलट गई। कार में लगे एयर बैग खुलने की वजह से राहुल को मामूली चोटें आई हैं। कार का शीशा तोड़कर राहुल को बाहर निकाला गया।

### स्मार्ट सिटी एमडी ने किया छुहिया तालाब का निरीक्षण

**रायपुर।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने टिकरापारा के समीप लगभग दो एकड़ क्षेत्र में बने छुहिया तालाब में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। तीन दशक पुराने इस तालाब का कायाकल्प रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कर रहा है। उन्होंने अंतिम चरण के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश प्रभारी इंजीनियर एवं कार्य एजेंसी को दिए है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के छुहिया तालाब को प्रदूषण मुक्त रखने एवं इसके कायाकल्प की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एक मीटर चौड़ाई के नालियों का निर्माण कर तालाब में पहुंचने वाले प्रदूषित जल को डायवर्ट करने की व्यवस्था की गई है। तालाब गहरीकरण के साथ ही टो-वॉल पीचिंग व आने जाने वालों की सुविधा के लिए पाथवे और रोशनी व्यवस्था की गई है। महिला एवं पुरुषों के उपयोग के लिए पृथक-पृथक प्रसाधन कक्ष भी यहां तैयार किए जा रहे है।

## निधन

### चंद्रकांत खोंडेकर



**रायपुर।** दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी चंद्रकांत खोंडेकर (40) का 20 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 मार्च को सुबह 11.30 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे विकास खोंडेकर के भाई थे।

# बीस दिन में नहीं हो सकी आई-ड्राप की जांच, रिपोर्ट के इंतजार में अटका मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छापेमारी के बाद लिए गए आई-ड्राप के सैंपलों की जांच बीस दिन बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। औषधि विभाग जांच रिपोर्ट नहीं मिलने की वजह से अपनी इंवेस्टीगेशन आगे नहीं बढ़ा पा रहा है। खाद्य विभाग ने तेलीबांधा के एक निजी अस्पताल की दवा दुकान से बड़ी मात्रा में आई-ड्राप बरामद किया था।

अलग खबर

खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई में संबंधित वस्तुओं की सैंपल जांच की रिपोर्ट काफी मायने रखती है। रिपोर्ट मिलने में लगने वाले काफी वक्त की वजह से इंवेस्टीगेशन लंबित हो जाता है और मामला न्यायालय तक पहुंचने में काफी देर हो जाती है। फरवरी के अंतिम दिनों में जब औषधि विभाग की टीम ने तेलीबांधा के एक अस्पताल में संचालित मेडिकल स्टोर्स में पकड़े गए आई-ड्राप का मामला भी कुछ ऐसा ही प्रतीत हो रहा है। टीम ने कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में ऐसे आई ड्राप को पकड़ा था, जिसकी पैकिंग की कीमत काफी अधिक थी और भीतर दवा का वास्तविक मूल्य बहुत कम था। छापेमारी के बाद आई-ड्राप से संबंधित सामान जब्त किया गया और दवा का सैंपल लेकर जांच के लिए राज्य के लैब में भेजा था। जांच रिपोर्ट के आधार पर यह तय होगा कि दस रुपए की दवा कितनी कारगर है। लंबा समय बीतने के बाद भी रिपोर्ट नहीं मिलने की वजह से औषधि विभाग की जांच अटकी हुई है। इस बारे में अधिकारियों का अनुमान है कि जांच रिपोर्ट अब होली के बाद ही मिलेगी।

### औषधि विभाग ने पकड़ा था सस्ती दवा की महंगी पैकिंग का मामला




#### प्रिंटिंग प्रेस तक गई थी टीम

दवा दुकान में जानकारी लेने के बाद औषधि विभाग की टीम पंडरी प्रिंटिंग प्रेस तक गई थी, जहां आई-ड्राप की कीमत बढ़ाने के लिए दूसरी कंपनी के नाम से डिब्बे प्रिंट कराए जाते थे। इसके अलावा जांच का दायरा चंगोराभाठा के दवा डिस्ट्रीब्यूटर्स तक पहुंचा था। मामले में जांच पूरी होने के बाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

## एक अन्य मामले में गंज पुलिस ने झारखंड के एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया

# अंतर्राज्यीय बदमाशों ने उड़ाई नींद, चेन स्नैचिंग में इंटर स्टेट गिरोह का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस एक तरफ जहां स्थानीय बदमाशों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है, वहीं पुलिस के लिए बाहरी गिरोह परेशानी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। पुलिस द्वारा बाहरी गिरोह से जुड़े लोगों के खिलाफ जितनी कार्रवाई की गई है, उनमें से ज्यादातर लोग गांजा, नशीला टेबलेट की तस्करी करते पकड़े गए हैं। इसी बीच राजधानी में अंतर्राज्यीय गैंग के बदमाश चेन स्नैचिंग के साथ डकैती जैसी घटना को अंजाम देकर रफूचक्कर हो गए हैं। मोबाइल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। सिविल लाइंस तथा देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों बुजुर्ग महिलाओं के साथ चेन स्नैचिंग की घटना में शामिल बदमाशों के इंटर स्टेट गिरोह से जुड़े होने की पुलिस को जानकारी मिली है। जानकारी के आधार पर इंटर स्टेट गिरोह के बदमाशों को पकड़ने पुलिस की एक टीम रवाना की गई है। साथ ही स्थानीय स्तर पर संदेह के आधार पर पुलिस कुछ लोगों को थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है।

#### झारखंड का मोबाइल चोर गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा



एक अन्य मामले में गंज थाने की पुलिस ने बुधवार को झारखंड, सागेबगंज के रहने वाले एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के सात मोबाइल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार मोबाइल चोरी करने के आरोप में शिवा महतो, जतन कुमार महतो, बिरझू सिंह, राहत कुमार महतो को गिरफ्तार किया गया है।

#### शराब खरीदने मोबाइल बेचने पहुंचे थे

पुलिस के अनुसार जिन बदमाशों को मोबाइल चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, उनका एक साथी मंगलवार रात शराब खरीदने पैसों की व्यवस्था करने तेलघानी नाका चौक स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पास मोबाइल बेचने ग्राहक तलाश रहा था। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली। इसके बाद सिविल में एक पुलिसकर्मी मोबाइल खरीदने पहुंचा। पूछताछ करने पर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने उस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपने अन्य साथियों का नाम बताया।

#### माना डकैती का अब तक नहीं मिला सुराग

पिछले सप्ताह माना में डकैती डालने तथा माना में ही एक घर में तथा इसके पूर्व राखी में दो घरों को निशाना बनाने की कोशिश करने वाले बदमाशों के बारे में पुलिस को अब तक किसी भी प्रकार से कोई क्लू नहीं मिला है। बदमाशों की पड़ताल करने पुलिस नया रायपुर से सटे आसपास के गांवों से लेकर रायपुर के रेलवे स्टेशन तथा इंटर स्टेट बस टर्मिनल तक फूटेज खंगाल चुकी है। बावजूद इसके बदमाशों के बारे में पुलिस को कोई क्लू नहीं मिल पाया है।

#### भाग जाने की आशंका

माना में डकैती डालने वाले बदमाशों के पूर्व में दो कोशिश में नाकाम होने के बाद तीसरी कोशिश में सफल होने पर पुलिस को बदमाशों के शहर छोड़कर भाग जाने की आशंका है। पूर्व के दो कोशिशो में नाकाम होने के बाद भी बदमाश शहर में जमे रहे। डकैती की घटना में 15 लाख रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर मिलने के बाद पकड़े जाने की आशंका पर बदमाशों के शहर छोड़कर भाग जाने की पुलिस आशंका व्यक्त कर रही है।

#### चेन स्नैचर हाल ही में जेल से छूटे

राजधानी में दो चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश पूर्व में भी चेन स्नैचिंग के मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस के अनुसार हाल के दिनों में चेन स्नैचर जेल से छूटे हैं। बदमाशों ने कहां चेन स्नैचिंग की थी, उनके खिलाफ कहां अपराध दर्ज है, पुलिस फिलहाल इस संबंध में कुछ भी बताने से बच रही है। पुलिस ने चेन स्नैचरों के जल्द पकड़े जाने का दावा किया है।

# 4 लाख रुपए बकाया, भुगतान नहीं करने पर दुकान सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

- नगर निगम का राजस्व विभाग की कार्रवाई

राजधानी रायपुर में नगर निगम के राजस्व विभाग ने पुराने बड़े बकायेदारों से वसूली करने मुहिम छेड़ी हुई है।

इसके तहत बुधवार को टीम ने जोन 5 के वार्ड क्रमांक 41 में एक दुकान को सील करने की कार्रवाई की। इस दुकान के संचालक ने पिछले कई वर्षों से संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है।

बकाया राशि को लेकर विभाग संचालक को कई बार नोटिस भी जारी किया गया, बावजूद वह बकाया राशि अदा नहीं कर रहा था। विभागीय टीम ने अब इस दुकान में ताला लगाकर उसे सीलबंद कर दिया। दुकान के संचालक का नाम अनिमेष मिश्रा है।

#### कार्रवाई के भय से करने लगे बकाया राशि का भुगतान

राजस्व विभाग की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण पिछले कई सालों से शहर के कई छोटे-बड़े दुकानों के संचालकों ने संपत्ति कर अदा नहीं किया है। इसके कारण ऐसी दुकानों पर लाखों रुपए बकाया हो गया है। ऐसे बकायेदारों से बकाया की राशि वसूलने राजस्व विभाग अब अभियान चला रहा है। इस अभियान का भय बकायेदार दुकान संचालकों पर भी दिखाई दे रहा है, क्योंकि बकाया अदा नहीं करने पर विभाग दुकान को सीलबंद के बाद कुर्की की कार्रवाई भी कर रहा है। विभाग की इस कार्रवाई से बचने के लिए कई दुकानदार तत्काल बकाया राशि का भुगतान भी कर रहे हैं। जोन 8 क्षेत्र में स्थित पार्थिवी ग्रुप के संचालक शैलेश वर्मा ने सीलबंद की कार्रवाई से बचने के लिए 24 घंटे के भीतर 18 लाख 50 हजार रुपए का भुगतान कर दिया, जबकि उस पर 22 लाख रुपए बकाया है। विभाग ने संचालक को शेष बकाया राशि को भुगतान करने के लिए समय दिया है।

# भाजपा ने विकसित भारत संकल्प एलईडी रथ की पूजा कर किया रवाना

## यह प्रचार का नहीं, विश्वास का रथ है- किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवं लोकसभा चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक शिवरतन शर्मा ने भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में विकसित भारत संकल्प एलईडी रथ की विधि विधान से पूजा अर्चना कर रवाना किया। एलईडी रथ के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों में मोदी सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रही है। 22 एलईडी वाहनों को पूजा के बाद रवाना किया इससे पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फरवरी में ही इस अभियान के तहत 11 वाहन को रवाना कर दिया था, आज इस अभियान का भाजपा ने विस्तार करते हुए प्रचार अभियान और तेज कर दिया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, भाजपा के सभी 11 प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं। भाजपा इस बार छत्तीसगढ़ की जनता के आशीर्वाद से 11 की 11 लोकसभा सीट जीतने जा रही है और देश में हम मोदी जी के नेतृत्व में 400 पार जा रहे हैं। तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाना तय है। उन्होंने कहा, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी कार्यकर्ता चुनाव में जुट हुए हैं। उन्होंने कहा, भाजपा का एलईडी प्रचार वाहन प्रदेश के कोने कोने तक नरेंद्र मोदी का और विष्णुदेव साय का संदेश लेकर जनता के बीच पहुंचेगा। अभियान के माध्यम से सभी लोकसभा के शक्ति केंद्र तक गांव गांव तक जन जन तक भाजपा का प्रचार वाहन पहुंचेगा।



#### जनता दे सकती है सुझाव

केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचेगी। साथ ही सभी वाहनों में हमने सुझाव पेटी की व्यवस्था की है, जिसके माध्यम से जनता सुझाव दे सकती हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा की जनता का सुझाव आवश्यक है और हमारा नारा भी है सबका साथ सबका विकास सब का प्रयास और सब का विश्वास और हमने देश की जनता और प्रदेश की जनता का विश्वास जीता है।

# बिजली मेंटनेंस के कारण 24 टंकियों में नहीं भरा पानी, शाम को सप्लाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

राजधानी रायपुर में बुधवार को 33केवी ग्रिल सब स्टेशन में फाल्ट आने के कारण करीब साढ़े चार घंटे बिजली बंद रही। इसके कारण शहर की 24 पानी टंकियों में पानी भर नहीं पाया, जिससे उन क्षेत्रों में शाम को पानी की सप्लाई पूरी तरह प्रभावित रही। एमआईसी सदस्य एवं जलकार्य विभाग के अध्यक्ष सतनाम पनाग ने बताया कि बिजली बंद रहने से शाम को पानी सप्लाई जरूर प्रभावित रही, लेकिन गुरुवार से सभी टंकियों से नियमित रूप से दोनों टाइम सप्लाई शुरू हो जाएगी।

#### इन क्षेत्रों में नहीं मिला पानी

लाखेनगर, सुंदरनगर, डंगनिया, डीडीनगर, कोटा, कबीरनगर, रामनगर,अमलीडीह, राजेंद्रनगर, श्यामनगर, टिकरापारा, मठपुरैना, खमतराई, अवंति विहार, कोटा, मोवा, सड्डु, दलदल सिवनी, कचना, आमासिवनी, गुढ़ियारी आदि क्षेत्रों में पानी नहीं भरने के कारण सप्लाई प्रभावित रही।

#### साढ़े चार घंटे तक चला फाल्ट को सुधारने का काम

सतनाम पनाग ने बताया कि भाठागांव सबस्टेशन में 33केवी ग्रिल में फाल्ट आ गया था, जिसे सुधारने का काम साढ़े चार घंटे लग गए। इस दौरान बिजली बंद की गई थी। इसके कारण शहर की 24 पानी टंकियों में पानी भर नहीं पाया। उन्होंने बताया कि कई टंकियों में पानी बचा हुआ है, जिसकी सप्लाई की गई है। फाल्ट ठीक कर लिया गया है, इसलिए आज से नियमिति रूप से सभी टंकियों से पानी की सप्लाई शुरू हो जाएगी।







## पेज 11 के शेष

### एपीएल का राशन .....

एपीएल कोटे का चावल का आबंटन कम कर दिया है, जिसके कारण हितग्राहियों को राशन नहीं मिल पा रहा है। इस मामले में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि दुकान संचालक एपीएल कोटे का राशन बीपीएल कार्ड धारकों को बांट देते हैं, जिसके कारण ऑनलाइन साफ्टवेयर में एपीएल कोटे का राशन माइनस में दिखा रहा है।

### 33 प्रतिशत कर .....

कार्ड के विभाजन के बाद दुकान में एपीएल सहित बीपीएल तथा अन्य वर्ग के हितग्राहियों के कार्ड एवं सदस्यों की संख्या के अनुसार चावल और शक्कर का भी आबंटन किया जा रहा है। दुकान संचालकों के अनुसार नई दुकानें खुलने के पहले एपीएल चावल का आबंटन 50 क्विंटल किया जाता है, जिसे 15 क्विंटल कर दिया है। इसी तरह शक्कर का आबंटन भी पंजीकृत कार्ड के अनुसार कम कर दिया है।

### मौसमी हलचल समाप्त ....

इसके असर से विभिन्न इलाकों में ओलावृष्टि हुई और राज्यभर में बारिश का दौर चलता रहा। शाम होने के बाद आने वाली तेज हवा ने जनजीवन को प्रभावित किया। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि वातावरण में नमी की मात्रा कम होने के बाद मौसम खुल चुका है, जिससे दिन का अधिकतम तापमान धीरे-धीरे सामान्य से आगे बढ़ता जाएगा। बुधवार को शहर में तेज धूप निकली, मगर तापमान सामान्य से चार डिग्री कम होकर 32 पर अटका रहा। इसके पहले रात के तापमान की भी इसी तरह की स्थिति थी। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के विभिन्न इलाकों में ओलावृष्टि हुई और जमकर बारिश भी हुई। आंकड़ों के अनुसार भैरमगढ़, नारायणपुर, जांजगीर में 4 सेमी., कटघोरा, महासमुंद, धमतरी सहित कई शहरों में तीन सेमी., रायपुर समेत दर्जनभर शहरों में दो सेमी. से अधिक बारिश दर्ज की गई।

### बच्चे की मौत ....

पुलिस परिजनों से पूछताछ नहीं कर पाई है। पुलिस फिलहाल सीसीटीवी फूटेज के आधार पर मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस सीसीटवी फूटेज के आधार पर अंदाजा लगा रही है कि एक बच्चे को संभालने की वजह से जो बच्चा राजन की गोद में था, वह उसे संभाल नहीं पाया और बैलेंस बिगड़ने की वजह से गोद में लिया बच्चा हाथ से छूट गया।

**सुरक्षा का जायजा लेगी पुलिस** -इस तरह मॉल में दोबारा घटना न हो, इसके लिए पुलिस शहर में संचालित सभी मॉल के सुरक्षा ऑडिट करने की बात कह रही है। एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक मॉल में जहां-जहां सुरक्षा में खामी होगी, उसे दुरुस्त करने के लिए कहा जाएगा। इसके साथ ही मॉल में काम करने वाले गार्ड्स की जानकारी ली जाएगी। साथ ही मॉल में लगे फायर फायटिंग सिस्टम की जांच की जाएगी। साथ ही पुलिस मॉल में इस बात की भी जानकारी लेगी कि उनके यहां की लिफ्ट तथा एस्केलेटर का मेंटेनेंस का टाइमिंग क्या है।

### रविवि की सेमेटस्ट ....

पहले पखवाड़े में ये परीक्षाएं समाप्त होंगी। इसके बाद रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी। समय-सारिणी अप्रैल माह में जारी होने की संभावना है। फिलहाल रविवि द्वारा केवल आवेदन तिथि को लेकर ही अधिसूचना जारी की गई है।

वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन प्रारंभ

वार्षिक परीक्षाओं के साथ ही इसके लिए मूल्यांकन कार्य भी रविवि द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ होने के पूर्व तक वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन पूर्ण करने की कोशिश की जा रही है, ताकि सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होने के साथ ही सेमेस्टर मूल्यांकन भी प्रारंभ किया जा सकेगा। मई से वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा आरंभ हो जाएगी। जिन विषयों में कम छात्र हैं, पहले उनके परिणाम जारी होंगे। केंद्रीय मूल्यांकन होने के कारण इस बार शीघ्रता से परिणाम घोषित होने की उम्मीद विवि प्रबंधन द्वारा जताई गई है।

### रायपुर मेडिकल कालेज ....

करने की मांग की। छात्रों ने तर्क दिया है कि पढ़ाई के साथ अस्पताल में उन्हें कार्य करना पड़ता है, जिसकी वजह से वे मानसिक के साथ शारीरिक रूप से थकान महसूस करते लगे हैं। लगातार ड्यूटी की वजह से उन्हें विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। एनएमसी ने इस तरह की शिकायत और चिकित्सा छात्रों द्वारा उठाए जाने वाले आत्मघाती कदम को ध्यान में रखते हुए पीजी छात्रों के लिए साप्ताहिक अवकाश तथा साल में 20 दिवस के आकस्मिक अवकाश का प्रावधान किया है। रायपुर मेडिकल कालेज में इसे लागू करने की मांग की गई है।

## खबर संक्षेप



### समर कैंप में बच्चों ने सीखी अनेक विधाएं

**रायपुर।** शिवांश इंटरनेशनल स्कूल काठाडीह में आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन बुधवार को किया गया। इस समर कैंप में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों सहित स्कूल और आसपास के करीब 900 बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप में बच्चों को जुंबा, डांस, म्यूजिक, योगा, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, कोडिंग, रोबोटिक्स, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, अबेकस, वैदिक मैथ्स, मेंटल मैथ्स, सेल्फ डिफेंस, पॉटरी मेकिंग, सिखाया गया। समर कैंप के समापन के अवसर पर स्कूल की प्राचार्या दीपाली त्रिपाठी ने बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किया तथा उनके द्वारा सीखी गई कला को जीवन भर संवारने की सलाह दी।

### छात्र-छात्राओं सहित 150 लोगों ने किया भोजन



**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर डायमंड की ओर से शासकीय योजनानुसार शासकीय मीडिल स्कूल बढ़ईपारा में बुधवार को भोज न्योता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित 150 लोग लाभान्वित हुए। इसके अंतर्गत स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन परोसा गया। मनशीश केजू ने बताया कि हाईस्कूल की प्राचार्य गायत्री शर्मा, प्रधान पाठिका प्रणीता सोनी सहित माध्यमिक तथा हाईस्कूल के सभी शिक्षक और विद्यार्थियों ने भोजन किया। संकुल समन्वयक राजेंद्र बंजारे भी शरीक हुए। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट माला पॉल, अध्यक्ष नीतू निर्मलकर, कोषाध्यक्ष संगीता सालोमन, हेमंत निर्मलकर, अरुण सालोमन, ऋषिका झा, ऋषि, शिखा, डीके दानी ने सभी को भोजन परोस कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराईं।

### नातिन धोबिन दाई मेला के लिए सीएम को आमंत्रण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने नातिन धोबिन दाई मेले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। साथ ही सहमति मिलने पर रजक महोत्सव का आयोजन करने की भी जानकारी दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा कि अन्य राज्यों की तरह धोबी जाति को छग में अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए। धोबी के कार्य केवल धोबी को ही मिले दूसरे जाति के लोग इस कार्य में डाका डाल रहे हैं उस पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था महाराष्ट्र में लागू है और उदाहरण सप्रमाण प्रस्तुत किया। मेडिकल कॉलेज, अस्पतालों, मल्टीनेशनल होटल में गैर धोबी जाति को वेंडर नहीं बनाने का भी अनुरोध किया। सीएम ने समाज की मांगों को गंभीरता सुनी और कहा कि जो मांग जायज है अवश्य पूरी की जाएगी। इसी दौरान हेमंत निर्मलकर, धनेश्वर निर्मलकर, कुंभ निर्मलकर, अमन निर्मलकर समेत समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 20 हजार शिक्षक जांचेंगे 6 लाख छात्रों की कॉपियां, स्पष्ट रूप से लिखने होंगे प्राप्तांक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- ऑनलाइन बैठक में दिए गए मूल्यांकनकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश

छात्रों द्वारा परीक्षाओं में प्राप्त अंकों का उल्लेख मूल्यांकनकर्ताओं को स्पष्ट रूप से करना होगा। इसके साथ ही उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि कोई प्रश्न बगैर जांच के ना रह जाए, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मूल्यांकनकर्ताओं की ऑनलाइन बैठक बुधवार को ली गई। इसमें मूल्यांकन संबंधित जानकारियां देने के साथ ही वे बिंदु साझा किए गए, जिसका ध्यान विशेष रूप से शिक्षकों को कॉपियों को जांचने के दौरान रखना होगा। दसवीं-बारहवीं की परीक्षा में शामिल 6 लाख छात्रों की कॉपियां जांचने के लिए 20 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

दसवीं की परीक्षा में 3 लाख 42 हजार तथा बारहवीं की परीक्षा में 2 लाख 55 हजार छात्र शामिल हुए हैं। इसी तरह इन परीक्षाओं में शामिल होने वाले नियमित अभ्यर्थियों की संख्या 12 हजार है। मंडल द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 23 मार्च से शुरू किया जा रहा है। रायपुर में बनाए गए 2 केंद्रों सहित पूरे प्रदेश में 36 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं।

**राजधानी के 2 सेंटर सहित प्रदेश के 36 मूल्यांकन केंद्र में 23 से जांची जाएंगी कॉपियां**

### छात्रों की वर्षभर की मेहनत का आकलन

मंडल सचिव पुष्पा साहू ने गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी मूल्यांकन के लिए समस्त मूल्यांकन केन्द्राधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम किसी विद्यार्थी की वर्षभर की मेहनत का आकलन है। यह विद्यार्थी की दशा एवं दिशा दोनों को प्रभावित करता है, अतः मूल्यांकन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ संपन्न किया जाए। समय-सीमा में मूल्यांकन पूर्ण हो जाए, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।



### किसी भी प्रश्न को ना छोड़ें अमूल्यांकित

सही उत्तर का स्पष्ट अंकन बाएं तरफ किए जाने, उत्तरपुस्तिका में अंकों का स्पष्ट अंकन किए जाने, पृष्ठवार अंकों का सही योग किए जाने, जांचकर्ता द्वारा अंकों का मिलान करके ही हस्ताक्षर किए जाने तथा उत्तर अमूल्यांकित न छोड़े जाने जैसे अनेक महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश दिए गए। दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन हो, यह सुनिश्चित करने कहा गया है। मूल्यांकन केंद्राधिकारियों द्वारा अपनी समस्याएं भी इस दौरान साझा की गई। इनके निराकरण के लिए भी उन्हें आश्वस्त किया गया। सूत्रों के अनुसार, मई के प्रथम पखवाड़े में परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है।

## दो नर्सों सहित चालीस फीसदी स्टाफ के भरोसे चल रहा उपचार

# सौ बिस्तरों का आरएलटीआरआई सफेद हाथी भर्ती कुष्ठ मरीजों को खाने थाली भी नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

कुष्ठ प्रभावितों को उपचार की सुविधा देने के उद्देश्य से लालपुर में संचालित क्षेत्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आरएलटीआरआई) सफेद हाथी साबित हो चुका है। यहां इलाज के लिए सौ बिस्तरों की व्यवस्था तो कई गई है, मगर केवल चालीस प्रतिशत स्टाफ होने की वजह से मरीज आने से कतरा रहे हैं। स्थिति यह हो चुकी है कि दूसरे जिलों से आकर यहां भर्ती होने वाले मरीजों को खाने के लिए थाली के बजाए प्लास्टिक की थैलियों में खाना दिया जा रहा है।

लालपुर में करीब 45 साल पहले आरएलटीआरआई की स्थापना की गई थी। यहां कुष्ठ प्रभावित मरीजों की जांच और उपचार की सुविधा देने की योजना थी, मगर स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की उदासीनता की वजह से उसका उद्देश्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार यहां मरीजों के इलाज के लिए भर्ती करने के लिए सौ बिस्तरों की व्यवस्था की गई है, मगर 75 बेड का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या कभी बीस तक नहीं पहुंच पाई है। इसकी एकमात्र वजह यहां चिकित्सकीय स्टाफ की कमी को माना जाता है। संस्थान में 11 चिकित्सक, 6 नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य के 50 पद स्वीकृत हैं, मगर काम करने वालों की संख्या महज बीस है। इसमें 6 डाक्टर और मात्र दो नर्स हैं, जिन्हें रोटेशन के आधार पर ड्यूटी करनी पड़ती है। विभिन्न तरह की जांच सुविधाओं का अभाव, दवाइयों की कमी की वजह से भी मरीज यहां इलाज के लिए नहीं आना चाहते। भर्ती होने वाले मरीजों के लिए यहां किचन में खाना बनाने का नियम है, मगर संख्या कम होने की वजह से उन्हें बाहर से लाकर खाना परोसा जाता है और थाली के बजाए उन्हें प्लास्टिक की थैलियों में भरकर खाना दिया जाता है।

**केस-1**

महीनेभर पहले इलाज के लिए लालपुर अस्पताल में भर्ती हुआ मरीज पिथौरा निवासी लल्लू यादव के मामा दमोदर ने बताया कि छुट्टी होने के बाद अस्पताल स्टाफ ने दवा नहीं होने का हवाला देकर बाहर से थैलीडोमाइड नामक दवा खरीदने कह दिया। इसके लिए उसे पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं।

**केस-2**

भिलाई के रोशन विश्वकर्मा ने बताया कि चार दिन पहले अस्पताल से घर लौटा, तो उसे भी यह महंगी दवा बाहर से खरीदनी पड़ी। संस्थान के चिकित्सकीय स्टाफ ने माली हालत का हवाला देकर दवा देने के निवेदन पर उसे झिड़ककर बाहर से खरीदने की नसीहत दे डाली।





### दवाइयां तक नहीं मिल रहीं

उपचार के लिए यहां दूसरे जिलों से आने वाले मरीजों को दवाइयों के लिए भी पैसे खर्च करने पड़ते हैं। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान तो उन्हें दवा मिलती है, मगर छुट्टी होने के बाद उन्हें महंगी दवा खरीदनी पड़ती है, जबकि कुष्ठ पीड़ितों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराने का प्रावधान है।



### केंद्रीय स्तर पर व्यवस्था

स्थानीय स्तर पर जो समस्याएं सामने आ रही हैं, उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। चिकित्सकीय सहित अन्य स्टाफ की भर्ती केंद्रीय स्तर पर की जाती है। इसके लिए समय-समय पर प्रस्ताव भेजा जाता है।
- **डॉ. संदीप जोगदंड,** निदेशक, आरएलटीआरआई लालपुर

### कमरे में कैद एक्स-रे मशीन

संस्थान में करीब आठ माह पहले एक्स-रे मशीन की व्यवस्था की गई है, मगर अब तक इसका उपयोग शुरू नहीं हुआ है। मशीन के साथ लगने वाला कंप्यूटर सहित अन्य पार्ट्स नहीं होने की वजह से उसे कमरे में बंद कर दिया गया है। संस्थान में प्रतिदिन बीस से पच्चीस मरीज ओपीडी में आते हैं। जिन मरीजों के लिए जांच आवश्यक होती है, उन्हें जिला अस्पताल तक दौड़ लगानी पड़ती है अथवा निजी संस्थानों में जाकर जांच के लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

### पोस्ट आपरेटिव देखभाल का अभाव

लेप्रोसी सहित अन्य जनरल सर्जरी भी यहां पर्याप्त संख्या में नहीं हो पा रही है। इसकी वजह पोस्ट आपरेटिव देखभाल के लिए नर्सिंग स्टाफ का अभाव है। महज दो नर्स होने की वजह से रात्रि में देखरेख की समस्या के कारण ज्यादा मरीजों की सर्जरी नहीं का जा सकती। चिकित्सकों का मानना है कि अस्पताल में प्रतिदिन एक दो सर्जरी होनी चाहिए, मगर सीमित संसाधन होने की वजह से वहां आधे से भी कम ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

# विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर दांतों के डाक्टरों ने किया लोगों को जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- शासकीय डेंटल कालेज का आयोजन

विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर दंत चिकित्सकों ने विभिन्न तरीकों से लोगों को दांतों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करने का प्रयास किया। शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक, रैली, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस मौके पर ओल्ड एज होम में शिविर लगाकर वहां रहने वालों के दांतों की जांच की गई। उन्हें दांतों की सुरक्षा पर जागरूक करते हुए सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि व्यक्ति के मौखिक स्वास्थ्य उनके मौखिक स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले अभ्यासों से जुड़ी होती है। मौखिक स्वास्थ्य समग्र कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें दांतों की सफाई, आहार और निवारक उपाय शामिल है। इसे अनदेखा करने से सड़न और मसूड़ों के रोग हो सकते हैं। अच्छे मौखिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नियमित डेंटल जांच करना महत्वपूर्ण है, जो एक स्वस्थ मुस्कान और समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। समारोह की सफलता के लिए कालेज के प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र वाढेर के मार्गदर्शन में, विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिंद वासनीक, प्रभारी अधिकारी डॉ. शिल्पा जैन, सहअधिकारी डॉ. सोपान सिंह, डॉ. राम कृष्ण चेव्वुरी, डॉ. अभिनव पारख, पीजी स्टूडेंट्स डॉ. पूनम नारंग और डॉ. आरुहि सिन्हा, प्रथम वर्ष से अंतिम वर्ष के छात्र, इंटर्न्स एवं कर्मचारियों का योगदान रहा।

# 6 माह के लिए फायरब्रिगेड महकमे को निगम ने दी जमीन 12 साल जमे रहे, अब जमीन के स्थायी आवंटन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- टिकरापारा स्थित मोटर वर्कशाप की जमीन का मामला
- निगम की 500 गाड़ियों के रखने का है ठिकाना, वर्कशाप भी
- निगम प्रशासन पशोपश में, कहा हमारी प्रापर्टी, अग्निशमन विभाग को देने में होगी दिक्कत

6 माह के लिए अस्थायी रूप से फायरब्रिगेड के वाहनों को रखने अग्निशमन विभाग ने नगर निगम की टिकरापारा स्थित मोटर वर्कशाप वाली जमीन मांगी। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्ष 2012 में निगम ने उसे जमीन उपलब्ध कराई।

12 साल बीतने के बाद भी दमकल विभाग न तो अपनी गाड़ियों को रखने स्थायी जगह ढूंढ पाया, न ही मोटर वर्कशाप की जमीन खाली की। अब उसी जमीन को स्थायी रूप से आवंटित करने अग्निशमन विभाग ने शासन से मांग की है, जबकि निगम प्रशासन का कहना है, टिकरापारा के मोटर वर्कशाप वाली जमीन निगम की प्रापर्टी है, उसे अग्निशमन विभाग को देने में असुविधा होगी। सूत्रों के मुताबिक इस पर विचार मंथन चल रहा है। टिकरापारा स्थित नगर निगम के मोटर वर्कशाप वाली जमीन को लेकर निगम प्रशासन और अग्निशमन विभाग आमने-सामने हैं। हाल ही में अग्निशमन विभाग की ओर से नगर निगम प्रशासन के पास मोटर वर्कशाप वाली जमीन के स्थायी आवंटन की मांग आई है। नगर निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे का कहना है, फायर ब्रिगेड आवश्यक सेवा है, इस लिहाज से पूर्व में 6 माह के लिए अस्थायी रूप से अग्निशमन विभाग को मोटरवर्कशाप की जमीन पर वैकल्पिक व्यवस्था होते तक दमकल गाड़ियों को खड़ा रखने की सुविधा दी गई। चूंकि यह निगम की प्रापर्टी है, इसलिए इसे अग्निशमन विभाग को स्थायी रूप से देने में असुविधा होगी।



### 500 गाड़ियों के रखने का एकमात्र ठिकाना है मोटर वर्कशाप

मोटर वर्कशाप विभाग के विभागीय अधिकारियों का कहना है, नगर निगम के 10 जोन और निगम मुख्यालय के अलग-अलग विभागों की गाड़ियों को मरम्मत के लिए रखा जाता है। करीब 500 गाड़ियां इस वर्कशाप में वर्तमान में रखी जा रही हैं। इसी जगह से नगर निगम 10 जोन की सफाई, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों की गाड़ियों में ईंधन की व्यवस्था बनाई गई है। निगम का अपना अलग से पेट्रोल पंप इसी जगह संचालित है। नगर निगम ने अग्निशमन विभाग के आला अधिकारियों को पूर्व में भी टिकरापारा के मोटर वर्कशाप की जमीन खाली करने ध्यान आकर्षित कराया, पर बात नही बन पाई।

### नगर निगम जोन 6 का दफ्तर रहा टिकरापारा की मोटर वर्कशाप वाली जमीन पर

सूत्रों के मुताबिक जिस जमीन पर नगर निगम का मोटर वर्कशाप संचालित है, वहां पहले नगर निगम जोन 6 का दफ्तर हुआ करता था। मोतीबाग के पास राजीव गांधी चौक के समीप पूर्व में फायर ब्रिगेड का आफिस संचालित था। अग्निशमन विभाग पहले नगर निगम का हिस्सा हुआ करता था। 12 साल पूर्व सड़क चौड़ीकरण के दौरान राजीव गांधी चौक स्थित दमकल विभाग के पुराने दफ्तर को वहां से हटाकर अस्थायी रूप से टिकरापारा के मोटर वर्कशाप में शिफ्ट किया गया। विदित हो, पहले नगर निगम की एमआईसी के 14 विभागों में विद्युत अभियांत्रिकी व अग्निशमन विभाग प्रमुख रूप से शामिल रहा। बाकायदा एमआईसी में इस विभाग के भारसाधक सदस्य की व्यवस्था रही। बाद में नगर निगम ने अग्निशमन विभाग की सेवाओं को गृह विभाग को हैंडओवर कर दिया। वर्तमान में यह विभाग गृह विभाग के अधीन संचालित है।

# आईजी ने राजपत्रित के साथ टीआई की मीटिंग लेकर दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आगामी लोकसभा चुनाव तथा होली को देखते हुए आईजी अमरेश मिश्रा ने जिले के रेंज के सभी राजपत्रित पुलिस अफसरों के साथ टीआई की बैठक ली। बैठक में एसपी संतोष सिंह भी शामिल हुए। बैठक में आईजी ने पुलिस अफसरों को शहरी के साथ कस्बों में अव्यवस्था एवं अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण के लिए अर्बन डिसआर्डर मिटिगेशन प्लान के तहत क्षेत्रों को चिन्हांकित करते हुये कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में आईजी ने आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये शांतिपूर्ण चुनाव करवाने एवं समस्त व्हीआईपी मूवमेंट में सजगतापूर्वक ड्यूटी करने पुलिस अफसरों को निर्देश दिए हैं। साथ ही अपराधों की विवेचना, समंस-वारंट की तामिली, जुआ-सट्टा या नशे का सामान, कबाड़ी एवं अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कार्रवाई तेज करने निर्देश दिए। डायल 112 या अन्य माध्यमों से प्राप्त सूचना को गंभीरता से लेने के लिए निर्देश दिए हैं।



- चुनाव को देखते हुए अपराध पर अंकुश लगाने के साथ अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने दिए निर्देश

### नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देश

होली में हुड़दंगियों से सख्ती से निपटने आईजी ने निर्देश दिए हैं। साथ ही होली के पूर्व फ्लैग मार्च करने के साथ गुंडे बदमाशों की धरपकड़ तेज करने आईजी ने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही होली के समय शराब पीकर या तीन सवारी दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ मोटक व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त करने आईजी ने निर्देश दिए हैं। आईजी ने मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और तेज कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सूखा नशे का कारोबार करने वालों की पहचान करने मुखबिर तंत्र को और मजबूत करने आईजी ने निर्देश दिए हैं।




# मास्टर ट्रेनर्स निर्वाचन के लिए महत्वपूर्ण कड़ी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी सभाकक्ष में हुई कार्यशाला

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर की प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए। कलेक्टर ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण में हर पहलू को बारीकी से समझे। आप जितना कुशल प्रशिक्षित रहेंगे निर्वाचन प्रक्रिया उतना ही सरल होगी। आपके कुशल दक्षता से मतदाताओं को भी सहयोग होगा। डॉ. सिंह ने कहा कि आप सभी को क्राइसेस मैनेजर की भूमिका का निर्वहन करना है। आपको यह बताना होगा कि चुनौती और संकट का सामना किस प्रकार किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि इस निर्वाचन में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि निर्वाचन में ड्यूटी लगे कर्मचारियों का मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर को मतदाता सूची के चिन्हित, प्रति, डाक मतपत्र, ईडीसी, मतपत्र लेखा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, ईवीएम, वीवीपैट मतदान की प्रक्रिया चुनौतियां आदि के बारे में विस्तृत में बताया गया।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 21 मार्च 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

सदर में होली महोत्सव की शुरुआत...

## लाइव इवेंट

# ज्यादा सोचना है खतरनाक साझा करें अपनी समस्याएं



**रायपुर।** छात्रों की मानसिक समस्याएं सुलझाने के लिए कई विभागों द्वारा विविध प्रयत्न किए जा रहे हैं। रविवि के मनोविज्ञान अध्ययनशाला की ओर से विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत ही इस सेंट्रलाइज्ड काउंसलिंग क्लीनिक का गठन एवं संचालन मनोविज्ञान विभाग की ओर से किया जा रहा है। इस क्लीनिक की ओर से हाल ही में विश्वविद्यालय के सभी 28 अध्ययनशाला के समस्त विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रभावती शुक्ला ने बताया, समस्त विभागों के लिए व्याख्यान सत्रों का आयोजन किया गया। इन व्याख्यानों के आयोजन के पीछे का उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य की महती भूमिका के प्रति संवेदनशील बनाना था।

### पृथक रूप से काउंसिलिंग

इन व्याख्यानों के दौरान ही विद्यार्थियों की ओवरथिंकिंग, लो सेल्फ कॉन्फिडेंस, दूसरों से तुलना के कारण हीनभावना का उत्पन्न होना, सुबह नींद न खुलना, समय प्रबंधन जैसे कई प्रश्नों के उत्तर ऑन द स्पॉट दिए गए। डॉ. रोली तिवारी, ममता साहू, टिकेश्वर साहू, डॉ. जीता बेहरा, मुरलीधर यादव तथा अनुष्का गुप्ता द्वारा व्याख्यान दिए गए। डॉ. रोली और उनकी टीम ने बताया, जो विद्यार्थी समूह में अपने भाव साझा नहीं करना चाहते थे या किसी कारणवश नहीं कर पा रहे थे, उन्हें क्लीनिक में बुलाकर उनकी काउंसलिंग की जा रही है। इस प्रकार के आयोजन के आधार पर भविष्य में इन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण भी किए जाने की योजना है। विश्वविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य कैसा है तथा उसमें किस प्रकार के सुधार की आवश्यकता है, जैसे विषयों पर शोध भी किए जाने की तैयारी है।

## आराधना

# भक्तिमय संगीत से महाअर्चना स्वर्ण कलश से हुआ अभिषेक



**रायपुर।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में चल रहे 8 दिवसीय श्रीसिद्ध चक्र महामंडल विधान के अंतर्गत चौथे दिन भगवान शांतिनाथ की वृहद शांतिधारा का वाचन ब्रह्मचारी विजय गुणायतन द्वारा किया गया। ट्रस्ट मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन नायक ने बताया, विधान में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पुष्पदंत भगवान का स्वर्ण कलशों से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। साथ ही आज की चमत्कारिक रिद्धि सिद्धि प्रदाता शांति धारा करने का सौभाग्य दिलीप निकुंज जैन गुढ़ियारी को प्राप्त हुआ। विधान की पूजा में चौथे वलय की आराधना करके इन्द्र-इन्द्राणियों ने 128 श्रीफल अर्घ्य समर्पित किए।

### 300 श्रावक-श्राविकाओं ने एक साथ की महाआराधना

इस अवसर पर ब्रम्हचारी विजय गुणायतन ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा, भगवान की पूजा-अर्चना करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। सुख-दुख तो आते-जाते हैं। अपने-अपने कर्मों का फल सबको मिलता है। बड़े मंदिर में सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में ब्रह्मचारी विजय के सान्निध्य में चल रहे सिद्धचक्र मंडल विधान की मधुर भक्तिमय संगीत से महाअर्चना हुई, जिसमें प्रथम बार 300 श्रावक-श्राविकाओं ने एक साथ महाआराधना की। सभी ने संगीतमय भजनों पर नृत्य भी किया। इस अवसर पर ट्रस्ट कमेटी एवं कार्यकारणीगण के साथ-साथ समाज के धर्म प्रेमी बंधु सदस्य उपस्थित रहे।

### भक्त करेंगे सवा अरब श्रीराम लेखन

**रायपुर।** युगतुलसी श्रीरामकिंकर महाराज के शताब्दी महोत्सव की श्रृंखला में सवा अरब श्रीराम लेखन की शुरुआत की गई है। इसे लेकर श्रीरामकिंकर आध्यात्मिक मिशन के सदस्यों एवं रामभक्तों में उत्साह है। वे इस लक्ष्य को पूरा करने में लगे हुए हैं। रायपुर में दीदी मंदाकिनी की अगवाई में इसकी शुरुआत हो चुकी है। पांच दिवसीय महोत्सव के तीसरे दिन बड़ी संख्या में लोगों ने बुधवार को सिंधु पैलेस में सामूहिक रूप से भजन संकीर्तन के साथ श्रीराम लेखन किया। यह महोत्सव सालभर अनवरत पूरे देश में चलेगा। इसकी शुरुआत 1 नवंबर 2023 से की गई थी और 1 नवंबर 2024 को यह पूरा होगा। श्रीराम लेखन पुस्तिका वितरण संस्था द्वारा किया जा रहा है। एक पुस्तिका में 34 हजार 632 श्रीराम लिखे जा रहे हैं। इसका संकलन अयोध्या में महोत्सव के दौरान होगा।



## पिचकारियों में कई तरह के प्रयोग, छोटे बच्चों के लिए खास तौर पर सजा बाजार

# बाण के तीर इस बार छोड़ेंगे हर्बल रंग, गिटार से निकलेंगी बौछारें, कैंपस हुए रंगों से सरोबार

> थोक बाजार के साथ ही होली का चिल्हर बाजार भी सज चुका है। इस बार जहां हर्बल रंगों को लेकर लोगों में क्रेज देखने को मिल रहा है तो वहीं पिचकारियों में भी कई तरह की वैरायटी आई हुई है। चिल्हर बाजार में छोटे बच्चों के लिए कई तरह की पिचकारियां आई हुई हैं। केमिकलयुक्त रंगों की तुलना में हर्बल रंग ही अधिक बिक रहे हैं।

**रायपुर।** चिल्हर दुकानों को रंग-बिरंगे गुलाल, पिचकारी, विग, मास्क, टोपी, पगड़ी, टैंक, सिलेंडर से सजाया गया। लोग अपनी पसंद के अनुसार खरीदी कर रहे हैं। फुटकर व्यापारी भी थोक बाजार में अपने क्षेत्र के मांग के अनुसार विग, मास्क और गुलाल की खरीदी करते नजर आए। होली में कुछ दिन ही शेष होने के कारण दुकानों में खरीदारों की भीड़ देखने को मिल रही है, जहां बच्चे अपने मनपसंद बैग व गन वाली पिचकारी लेते नजर आए।

### घर वापसी से पहले...


होली मनाने छात्र अपने घर लौटने लगे हैं। इसके पहले कैंपस में जमकर रंग-गुलाल उड़ रहे हैं। एनआईटी में माइनिंग ब्रांच के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने घर जाने से पहले परिसर में ही अपने साथियों को रंगों से सरोबार कर दिया।

### स्पेशल टी-शर्ट

सुंदर नगर की फुटकर व्यापारी भारती देवांगन ने बताया, शहर के अधिकतर स्थानों में बाजार सजाने के लिए सामान गोलबाजार से ही लाया जाता है। मांग को देखते हुए इस बार हर्बल रंग ही अधिक लेकर आए हैं। बीते वर्ष 200 से अधिक टी-शर्ट और विग की बिक्री की हुई थी। इसे देखते हुए इन चीजों को ही प्राथमिकता के साथ दुकानों में जगह दी गई है। होली खेलने के लिए इस बार स्पेशल टी-शर्ट भी बाजार में आए हुए हैं। ग्रुप में होली खेलने वाले एक जैसी टी-शर्ट थोक में खरीद रहे हैं। कुछ ऑर्डर देकर भी अपनी पसंद के प्रिंट सफेद शर्ट में करवा रहे हैं।

### बाण वाली पिचकारी कर रही आकर्षित



पिचकारियों में भी कई तरह के प्रयोग देखने को मिल रहे हैं। बाण वाली पिचकारी छोटे बच्चों का ध्यान खींच रही है। पिचकारी को बाण की आकृति दी गई है। इसे दबाने पर बाण के तीर से रंग निकलते हैं। इसी तर्ज पर गिटारनुमा पिचकारी भी बाजार में आई हुई है। इसमें भी गिटार दबाने पर रंगों की बौछार होती है।

### मनपसंद कार्टून वाली पिचकारी बच्चों की पसंद

*गोलबाजार में एक थोक दुकान संचालक मुकेश राठौर ने बताया, होली पर्व के दौरान दुकान में पंप, पिचकारी, चाइना गन, गुलाल, विग लाए गए हैं। इसकी कीमत 30 रुपए से लेकर 700 रुपए तक तय की गई है। संचालक ने बताया इस वर्ष बैग वाली पिचकारी के साथ गन पिचकारी की डिमांड अधिक है। छोटे बच्चों के लिए माता-पिता बैग वाली पिचकारी खरीदना पसंद करते हैं, जिसकी कीमत अधिक है। पिचकारी में कार्टून और जानवर की चित्र वाली पिचकारी बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।*

### टैंक पिचकारी में पहले से भरे जाएंगे रंग

*एक थोक दुकान के संचालक विमल जैन ने बताया, बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष बाजार में कई प्रकार की पिचकारी आई है। फुटकर व्यापारी बड़ी मात्रा में गुलाल से भरा हुआ सिलेंडर खरीदना पसंद कर रहे, जिसकी कीमत हजार रुपए तक तय की गई है। सिलेंडर को विशेष रुप से तैयार किया गया है। इसमें पहले से ही रंग-बिरंगे गुलाल पैक रहेंगे। जिसे बच्चों को केवल दबाना होगा। इसके बाद गुलाल बाहर आ जाएगा। वही दुसरे नबंर पर टंकी वाली पिचकारी हैं, जिसे कंधे पर रखकर बड़ी मात्रा में पानी स्टोर किया जा सकता है। छोटे बच्चों के लिए इसकी डिमांड अधिक है, जिसकी कीमत 30 से 500 तक है।*

# कथक में होली के भाव, वायलिन पर फाग धुन

**रायपुर।** कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गीत-संगीत के बीच होली उत्सव मनाया गया। इसमें डॉ. दीपक बेड़ेकर के निर्देशन में नितिन लुनिया द्वारा वृंदावली सारंग राग में होली की पारंपरिक बंदिश 'खेले श्याम संग होली' प्रस्तुत किया गया। अजय मिश्रा और समूह द्वारा होली गीत एवं बीपीए प्रथम के विद्यार्थियों द्वारा 'चलो गोरी आज खेले होली कन्हैया संग' प्रस्तुत किया गया। एमपीए के विद्यार्थियों ने 'रंगी सारी चुनरियां' पेश किया। सुमन टंडन ने 'जमुना किनारे' भजन प्रस्तुत किया। तारेन्द्र सेन के निर्देशन में बीपीए के विद्यार्थियों द्वारा 'खेले मशाने' में होली एवं बिहार की पारंपरिक 'आखिया भाइले लाल' की प्रस्तुति की गई।




### संगीत महाविद्यालय में होली मिलन



### पारंपरिक धुन किए गए पेश

*चंदना सेन के निर्देशन में आर्यमन सिंह चौहान द्वारा भरी पिचकारी मार दिए प्रस्तुत किया गया। कथक नृत्य की छात्रा राशि कौर द्वारा ठुमरी में 'आखियन डारो जी गुलाल' में भाव प्रस्तुत किया गया। डॉ.एम श्रीराम मूर्ति एवं उनके विद्यार्थियों द्वारा वायलिन पर होली धुन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे एवं सभी होली के पारंपरिक धुन पर थिरकते नजर आए। गुलाल और रंगों के साथ सभी ने यह कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया।*

# हर्बल गुलाल बांटकर दिया सुरक्षित होली खेलने संदेश

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा पंडरी कपड़ा मार्केट में हर्बल गुलाल एवं पिचकारी वितरण किया गया। मुख्य अतिथि शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल रहे। उनके द्वारा निशुल्क गुलाल वितरण का शुभारंभ किया गया, जिसमें बड़ी मात्रा में हर्बल गुलाल रहा। उन्होंने कहा, सिंधी काउंसिल जनहित के कार्य करती आ रही है। किसी जरूरतमंद को हम होली पर्व में पिचकारी और गुलाल दे रहे हैं, तो उसकी खुशी दुगनी हो जाती है। सिंधी काउंसिल के प्रदेशाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, चार दिनों तक गुलाल वितरण किया जाएगा। गुरुवार को शाम 4 बजे महावीर नगर में गुलाल वितरण का आयोजन रखा गया है।



### त्वचा का ध्यान जरूरी

व्यापारी अनुज गोयल ने कहा सभी खुशी एवं भाईचारे से होली पर्व मनाएं। थोक कपड़ा व्यापारी के अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा ने होली पर्व पर गुलाल वितरण पंडरी से प्रारंभ किए जाने पर सिंधी काउंसिल का आभार जताया। रमेश मिर्धानी, महेश, सरल मोदी, मूलचंद खत्री, प्रकाश अग्रवाल, जयचंद नवानी, मोती राम लुंडवानी, जीतेंद्र मलघानी, सहित अन्य व्यापारी इस दौरान उपस्थित रहे।

## प्री होली सेलिब्रेशन में जमकर थिरकी महिलाएं, फाग गीतों की धूम

कार्नर न्यूज



# बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी...

***रायपुर।** शहर में प्री होली सेलिब्रेशन का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को क्वींस रोटरी क्लब की महिलाओं ने छेरीखेड़ी स्थित एक फॉर्म हाउस में प्री होली सेलिब्रेशन रखा। इसमें महिलाएं निर्धारित थीम पर सजकर पहुंची और फाग गीतों का जमकर आनंद उठाया। रंग बरसे भीगे चुनरवाली.., बलम पिचकारी... जैसे होली के लोकप्रिय गीतों पर महिलाएं झूमते नजर आई। होली उत्सव के मौके पर महिलाओं ने तंबोला और पासिंग द पास गेम में हिस्सा लेकर कई पुरस्कार अपने नाम किए।*



### फूलों के आभूषण

*महिलाएं रंग-बिरंगे वस्त्रों में यहां पहुंची रहीं। होली गीतों के साथ शानदार थीम पर संस्था की महिलाएं नजर आईं। उन्होंने फूलों के आभूषण धारण किए थे। इस दौरान क्वींस रोटरी क्लब की अध्यक्ष मोनिका जग्गी, सचिव मनीषा अग्रवाल और चेयरपर्सन हरलीन सिब्बल, शिखा धूपर सहित अन्य उपस्थित रहे।*

### पुराने गीतों की डिमांड

पुल पार्टी भी महिलाओं के लिए आयोजित की गई थी। इससे पहले महिलाओं ने होली के गीतों पर ग्रुप डांस प्रस्तुत किए। होली महोत्सव के दौरान पुराने लोकप्रिय गीतों की डिमांड बनी रही। क्लब की 90 महिलाएं इसका हिस्सा बनी।





## कैंपस लाइव

# एनआईटी में पहला यूनिट चिप सेंटर कम्प्यूटेशनल जरूरतें करेंगे पूरी



**रायपुर।** एनआईटी में ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट चिप सेंटर स्थापित होने जा रहा है। भारत सरकार विविडस्पार्क्स के सहयोग से इसकी शुरुआत होगी। ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट चिप अर्थात जीपीजीपीयू चिप का उपयोग रोजमर्रा की जिंदगी में स्मार्ट फोन, लैपटॉप, डेस्कटॉप, सर्वर और किसी भी डिजिटल डिवाइस में किया जाता है। जीपीजीपीयू चिप के जरिए गेमिंग, वीडियो प्रोसेसिंग, कंप्यूटिंग और कई अन्य अनुप्रयोगों में गणना की जाती है। विविडस्पार्क्स के सीईओ डॉ. विजय होलिमथ, एनआईटी निदेशक डॉ. एनवी रमना राव और वाइब्रैम सिलिकॉन हब की निदेशक डॉ. सोनल यादव ने कहा, हम दुनिया का पहला जीपी जीपीयू चिप सेंटर बनाएंगे। डॉ. होलीमथ और डॉ. यादव ने कहा कि हम न केवल भारत की कम्प्यूटेशनल जरूरतों को पूरा करेंगे, हम अपने शोध कार्यों, उत्पादों को अन्य देशों में निर्यात भी करेंगे और इन सहयोगी प्रयासों के माध्यम से हम उत्तर भारत में रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगे।

### उद्योगों और छात्रों को मिलेगी मदद

इसकी घोषणा के दौरान मौजूद विशेषज्ञों ने कहा, उत्पाद विकसित करने, तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान और विकास में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए दोनों संस्थाओं की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस रणनीतिक साझेदारी से भारत और अंतर्राष्ट्रीय कम्प्यूटेशनल आवश्यकताओं की वृद्धि और विकास में योगदान मिलेगा। यह छात्रों, संकायों और उद्योग को बड़े पैमाने पर लाभान्वित करेगी। एक पॉडकास्ट श्रृंखला और विशिष्ट संवाद सत्र भी इस दौरान आयोजित किया गया। जिसमें अतिथि वक्ता डॉ. होलिमथ रहे, जो कंप्यूटिंग और मोबाइल अनुप्रयोगों के लिए जीपीजीपीयू के विशेषज्ञ हैं।

## सिटी इवेंट

# साहित्य के सामने हमेशा चुनौतियां भाषा व संस्कृति का संबंध अटूट



**रायपुर।** भाषा और साहित्य के क्षेत्र में अधिक शोध होने चाहिए। इसके प्रति समाज के आकर्षण को बढ़ाना होगा। इससे समाज की उन्नति होगी। देश सशक्त बनेगा। उक्ताशय के विचार पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर में भाषा साहित्य और संस्कृति के समक्ष चुनौतियां एवं अवसर थीम को लेकर आयोजित रिफ्रेसर कोर्स के समापन समारोह में बोल रहे थे। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस 12 कार्य दिवसीय कोर्स के समापन के अवसर पर साहित्य अकादमी नई दिल्ली के अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा, साहित्य के सामने हमेशा चुनौतियां रही हैं। कहने को तो वह समाज का दर्पण है, लेकिन साहित्य, दर्पण के पीछे उसको भी देखता है, जो जड़ों के पार तक जाता है।

### 9 राज्यों के प्राध्यापक हुए शामिल

उन्होंने आगे कहा, पूरी परंपरा और जीवन की सहजता को लेकर साहित्य हमेशा चिंतित रहता है। साहित्य जीवन को त्रासद बनाने वाले स्थितियों को कलम की ताकत से बेनकाब भी करता है। साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला अध्यक्ष प्रो. शैल शर्मा ने कहा, भाषा साहित्य और संस्कृति का अटूट संबंध है, क्योंकि देश-दुनिया की संस्कृति की जितनी प्रभावी अभिव्यक्ति साहित्य के माध्यम से ही संभव है, उतनी किसी अन्य माध्यम से नहीं। मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर प्रो. प्रीति ने सेंटर द्वारा आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से उच्च शिक्षा से जुड़े लोगों को समय-समय पर नित नई जानकारियां मिलती हैं और विद्वानों के अनुभव भी। रिफ्रेसर कोर्स में देश के 9 राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से 31 सहायक प्राध्यापकों ने प्रतिभागिता की।

## एजूकेशन अपडेट

# आईआईटी मद्रास ने घोषित किए जेम नतीजे, काउंसिलिंग अप्रैल में




**रायपुर।** शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए जेम अर्थात ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट काउंसलिंग 10 अप्रैल से शुरू होगी। काउंसलिंग के चार राउंड होंगे। इसके बाद भी अगर सीटें खाली रहती हैं, तो अन्य राउंड आयोजित किए जा सकते हैं। ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स एग्जाम या रिजल्ट से जुड़ी अन्य डिटेल्स के लिए कैंडिडेट्स को पोर्टल पर विजिट करना होगा। परीक्षा का आयोजन 11 फरवरी को किया गया था। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास ने ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स एग्जाम के लिए रिजल्ट की घोषणा आज, 20 मार्च, 2024 को कर दी गई है। संस्थान ने नतीजों के साथ-साथ फाइनल आंसर-की आधिकारिक वेबसाइट jam.iitm.ac.in पर रिलीज की है। एग्जाम में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स पोर्टल पर जाकर नतीजों की जांच करने के साथ-साथ आंसर-की को भी डाउनलोड कर सकते हैं।

### 200 से अधिक विश्वविद्यालयों ने कराया सीयूईटी के लिए पंजीयन

यूजी प्रोगाम में एडमिशन देने के लिए 200 से ज्यादा यूनिवर्सिटीज ने सीयूईटी यूजी स्कोर के लिए पंजीकरण कराया है। इनमें सेंट्रल, डीम्ड, स्टेट और प्राइवेट विश्वविद्यालय शामिल हैं। यूजीसी ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है। इसके मुताबिक, अब तक, 46 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 32 स्टेट यूनिवर्सिटी, 20 डीम्ड टू बी, 98 निजी विश्वविद्यालयों और 6 सरकारी संस्थानों ने बैचलर प्रोगाम में प्रवेश के लिए सीयूईटी यूजी स्कोर का उपयोग करने के लिए पंजीकरण कराया है और भी लोग जुड़ रहे हैं।

# सोने और चांदी के तारों से बनाई गई 2 लाख की साड़ी 50 से 70 वर्षीय अनुभवी कारीगर ही करते हैं इसे तैयार

सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में लाखों की साड़ियां लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। विभिन्न राज्यों से आए व्यापारियों ने इसमें हिस्सा लिया है और अपने राज्य की कला-संस्कृति को प्रदर्शित करती साड़ियां प्रदर्शनी में लगाई है। प्रदर्शनी के दौरान प्रत्येक राज्य से मशहूर कपड़ों की प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें शादी व होली के अनुसार स्टॉल सजाए गए हैं। यह पांच दिवसीय प्रदर्शनी जेल रोड स्थित होटल बेबीलॉन में लगाई गई है।

**रायपुर।** प्रदर्शनी के संचालक अभिनंदन ने बताया, अभिवरुद्धी एनजीओ द्वारा यह प्रदर्शनी लगाई गई है। एनजीओ द्वारा व्यापारियों को मंच देने इस तरह की प्रदर्शनी लगाई जाती है। प्रदर्शनी में दुकान के संचालक का होना अनिवार्य है, जिससे वह अपने स्टॉल की जानकारी ग्राहकों को उचित रूप से दे सके। प्रदर्शनी 24 मार्च तक आयोजित की गई है, जिसमें 16 राज्य के व्यापारी शामिल हो रहे हैं। कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पंजाब, राजस्थान, बिहार व कश्मीर के कपड़े खरीदारों को पसंद आ रहे है।

## प्रदर्शनी में कर्नाटक की मशहूर डिजाइनर कांचीपुरम साड़ी खींच रही है सबका ध्यान



### एक डिजाइन की एक ही साड़ी

बेंगलुरु के व्यापारी आनंद ने बताया, हमारे स्टॉल में 5 हजार से 2 लाख तक की साड़ी उपलब्ध है। इसमें कांचीपुरम, धर्मावरम, सिल्क सहित साउथ इंडिया की फेमस डिजाइनर साड़ी मौजूद है। बीते 30 सालों से लगातार साड़ी तैयार करने का काम हमारे द्वारा किया जा रहा। हम एक डिजाइन की एक ही साड़ी तैयार करते हैं। इससे उसकी महत्ता बनी रहती है। प्रत्येक साड़ी में कारीगर नए डिजाइन बनाते हैं। स्टॉल में विभिन्न डिजाइन की साड़ी उपलब्ध है, जिसमें मीनाकारी डिजाइनर साड़ी की डिमांड सबसे अधिक हैं। स्टॉल में मौजूद साड़ियों में वी-विंग का काम किया गया है, जिसे साउथ स्थित ग्रामीण क्षेत्र के समुदाय सदस्य तैयार करते हैं।

### गर्मियों में सिल्क की डिमांड

*इस साड़ी में गोल्ड की प्लेट होने के साथ वी-विंग की डिजाइन देखने को मिल रही है। मीनाकारी डिजाइन होने के साथ इसमें फूलों के डिजाइन बनाए गए हैं। इसे विभिन्न रंगों के उपयोग से हैंडलूम कारीगरों द्वारा तैयार किया गया है। इसकी कीमत 20 से 50 हजार तक तय की गई है। साड़ी में लगने वाले समय व वर्क के अनुसार उसकी कीमत तय की जाती है।*



### बॉर्डर में होता है गोल्डन वर्क



गोल्ड और सिल्वर जरी से तैयार की गई साड़ी की कीमत 2 लाख रुपए है। इसे विशेष रुप से तैयार करने में लगभग 3 माह का समय लगा। इसमें सोने व चांदी की जरी का उपयोग किया गया। पूरी साड़ी में वी-विंग की मदद से इसे डिजाइन किया गया है। डिजाइन में मंदिर, जानवर, फूल के चित्र बारीकी से दर्शाए गए हैं। इसे कर्नाटक के 50 से 70 साल के अनुभवी कारीगरों द्वारा ही तैयार किया जाता है। इन साड़ियों को तैयार करने के लिए अनुभवी कारीगर का होना आवश्यक होता है। साड़ी के बॉर्डर में गोल्डन वर्क किया गया है, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



### फूल-पत्तियों से लेकर जानवर व मंदिर की आकृति

*कांचीपुरम रेशमी साड़ी लोकप्रिय साड़ियों में एक नाम है। इसमें चेक, फूल, पत्तियां, विविध पैटर्न, जानवर संग मंदिर की आकृति देखी जा सकती है। गोल्डन जरी व रंग-बिरंगे धागों के साथ इसे तैयार किया गया है। इसकी कीमत भी 1 से 2 लाख रुपए तय की गई है। इस साड़ी को शादी या पार्टी के लिए तैयार किया गया है। इसे तैयार करने में दो से तीन माह का समय लगा। अनुभवी कारीगर के सहयोग से इसे तैयार किया जाता है।*

# वनीला, अंगूर व ऑलिव ऑइल से बनाया लीप बाम इनमें प्राकृतिक रंग, खुशबू और तेल का इस्तेमाल

- छग के उत्पाद भा रहे दिल्लीवासियों को, सर्वाधिक बिक्री सौंदर्य उत्पादों की
- त्वचा को नुकसान ना पहुंचे, इसलिए प्राकृतिक चीजों का किया गया है प्रयोग

**रायपुर।** होली से पहले दिल्ली में किसानों का मेला लगा है, जहां छत्तीसगढ़ से शुद्ध और जैविक उत्पाद लेकर महिला किसान शामिल हुई हैं। जिसे खरीदने के लिए लोगों की काफी भीड़ उमड़ रही है। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम और लघु कृषक कृषि व्यापार संघ की तरफ से दिल्ली के हौज खास स्थित एनसीडीसी कैंपस में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) का मेला लगा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में 18 राज्यों के 40 किसान उत्पादक संगठन शामिल हुए हैं। इस मेले में किसान संगठनों की शानदार प्रदर्शनी लगी है।

दिल्ली के किसान मेले में छाए छत्तीसगढ़ के उत्पाद



### फूट क्रीम और साबुन जैसे उत्पाद भी

*इसके अलावा अलग-अलग फ्रेगरेंस के लीप बाम, सोप, फूट क्रीम लोगों को पसंद आ रहे हैं। खासकर वनीला, अंगूर व ऑलिव ऑइल से बने लीप बाम की खास डिमांड है। वहीं, बाजार के मुकाबले इनकी कीमत भी काफी कम हैं। सत्य साईं महिला बहुद्देशीय सहकारी मर्यादित से जुड़ी गिरिजा बंजारी ने बताया कि उनके संगठन से 300 से ज्यादा महिला किसान जुड़े हैं। ये महिलाएं कई तरह के जैविक उत्पादों को तैयार करती हैं। जिसे देश के अलग-अलग हिस्सों में बेचा जाता है। उन्होंने बताया एनसीडीसी के अधिकारियों को भी स्टॉल के उत्पाद पसंद आए, उन्होंने भी ख़रीदारी की है।*

### वेटलॉस और इम्यूनिटी के लिए सोयाबीन आटा

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से सत्य साईं महिला बहुद्देशीय सहकारी मर्यादित द्वारा अपने क्षेत्र में तैयार उत्पादों का स्टॉल लगाया गया है। इस स्टॉल में दिल्ली के अलावा दूर-दूर से आए लोग शुद्ध और जैविक उत्पाद खरीद रहे हैं। यहां लोग मिलेट्स यानी मोटे अनाज और उससे बने अलग-अलग उत्पादों को खरीद सकते हैं। इसके अलावा शुद्ध और बेहतर क्वालिटी के शहद, मसाला, आचार, साबुन आदि जैसे कई उत्पाद उपलब्ध हैं। स्टॉल में मोटे अनाज व सोयाबीन से बना मल्टीग्रेन आटा उपलब्ध है, जो कि वेटलॉस, डाइजेशन, इम्यूनिटी के लिए कारगर है।

# शनिवार, रविवार को भी खुला रहेगा कला केंद्र, मंगलवार होगा अवकाश

**रायपुर।** कला केंद्र में अवकाश मंगलवार को होगा। शनिवार और रविवार को यह खुला रहेगा। सप्ताहंत में लोग यहां पहुंच सकें और सुविधाओं का लाभ ले सकें, इसलिए यह व्यवस्था की गई है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कला केंद्र पहुंचकर अपने बच्चों को विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिलाने पहुंचे पालकों से बात की। उन्होंने कहा कि कला केन्द्र का संचालन प्रतिभा संपन्न व अपनी कला को निखारने की इच्छा रखने वाले हर आयु वर्ग के लोगों के लिए किया जा रहा है। नृत्य, संगीत, आर्ट एंड क्राफ्ट, गायन के साथ ही अपनी आवाज में गाने की रिकॉर्डिंग के लिए बने स्टूडियो का कला प्रेमी उत्साह के साथ उपयोग कर रहे हैं। 10 मार्च से अब तक एक हजार से भी अधिक कला प्रेमियों ने प्रशिक्षण के लिए कला केंद्र आकर संपर्क किया है।

- संगीत, नृत्य, गायन, आर्ट एंड क्राफ्ट सहित ऑडियो रिकॉर्डिंग पहली पसंद

### जारी होगा पहचान पत्र

निरीक्षण के दौरान इस परिसर की नियमित निगरानी के लिए पर्याप्त रोशनी, सीसीटीवी कैमरे, पेयजल व साथ आए परिजनों के लिए बैठक की अतिरिक्त व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने एक अप्रैल से प्रशिक्षुओं एवं साथ आने वाले परिजनों के लिए पहचान पत्र जारी करने के लिए भी कहा है।



### शुरू किए जाएं शॉर्ट टर्म कोर्स

*नालंदा परिसर के समीप बने इस कला केंद्र में अपनी अभिरुचि के अनुरूप सैकड़ों की तादाद में बच्चे, युवा एवं महिलाएं पहुंच रही हैं। कलेक्टर ने उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में उनसे फीडबैक लिया। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा भी साथ थे। पालकों ने सुझाव दिया कि कैलीग्राफी, वैदिक शिक्षा, फैशन डिजाइनिंग, बेकरी, भाषा ज्ञान जैसे शॉर्ट टर्म प्रशिक्षण की भी व्यवस्था होने से बच्चों को प्रशिक्षण के लिए लेकर आने वाले महिलाओं को अपने समय के बेहतर सदुपयोग का अवसर मिलेगा।*

## फाग महोत्सव के रूप में मनाई गई मासिक एकादशी

# सदर में होली महोत्सव की शुरुआत, पहले दिन ही उमड़े भक्त खाटू श्याम निशान यात्रा में लोक कलाकार की मोहक प्रस्तुति

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर के मंदिरों में फाग महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। होली के दिन जहां मंदिरों में विविध आयोजन किए जाएंगे, वहीं इसके पूर्व भी कई तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। खाटूश्याम मंदिर में बुधवार को मासिक एकादशी को फाल्गुन महोत्सव के रुप में मनाया गया, जिसमें मुख्य रुप से आकर्षण का केंद्र लोकनृत्य की प्रस्तुति रही। श्री श्याम मासिक एकादशी निशान यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ शहर में देखी गई। जहां लगभग 2 हजार की संख्या में भक्त यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा प्रत्येक एकादशी पर निकाली जाती है। फाल्गुन एकादशी में भक्त विशेष रूप से शामिल हुए। यह यात्रा गुढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर से निकलकर खाटूश्याम मंदिर समता कॉलोनी में जाकर समाप्त हुई।

### कोंडागांव से शामिल हुए कलाकार

यात्रा के दौरान भक्त खाटू श्याम बाबा के ध्वज के साथ नजर आए। जहां महिलाएं पारंपरिक परिधान के साथ शामिल हुईं। वे भक्तिमय फाग गीतों के साथ यात्रा में नजर आईं। कोंडागांव से लोकनृत्य कलाकारों को आमंत्रित किया गया। 50 की संख्या में कलाकार पारंपरिक परिधान के साथ शामिल हुए। कलाकरों ने होली के अवसर पर फाग गीत का चयन किया और मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी।





### सेठ नाथूराम का भव्य श्रृंगार कर पूजा-अर्चना

नाहटा मार्केट में विराजे सेठ नाथूराम की मूर्ति की पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही सदर बाजार में होली महोत्सव की शुरुआत हो गई। सदर बाजार में बीते कई वर्षों से लगातार होली एकादशी पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें साल में एक बार सेठ नाथूराम की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की जाती है। कार्यक्रम का आयोजन सराफा एसोसिएशन की ओर से किया जाता है। जहां लोगों की भीड़ बड़ी संख्या में देखने को मिलती है। यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी लगातार चलती आ रही है। मान्यता के अनुसार सेठ नाथूराम की मूर्ति 100 साल से अधिक पुरानी है।



### बांस से सजाई गई बाबा की पालकी

निशान यात्रा के दौरान खाटू श्याम बाबा की पालकी को बांस की छाल से सजाया गया, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। जिसमें कमल व पक्षी के पंख को देख श्रद्धालु अपने कैमरे में दृश्य कैद करते नजर आए। इसे तैयार करने में लगभग 10 दिनों का समय लगा। वहीं खाटू श्याम बाबा की प्रतिमा को रंग-बिरंगे विभिन्न फूलों से सजाया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बिलासपुर ब्लू, जशपुर, राजनांदगांव और बस्तर की क्रिकेट में शानदार जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टी 20 टूर्नामेंट का आयोजन 18 मार्च से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमें भाग ले रही है। ग्रुप बी का चौथा टी-20 मैच बुधवार को कोरबा तथा बिलासपुर ब्लू के मध्य बीएसपी ग्राउंड,सिविक सेंटर भिलाई में खेला गया। जिसमें कोरबा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बिलासपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 19.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 108 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से सन्नी पांडे ने 26 रनों का योगदान दिया। कोरबा की ओर से सत्यम दुबे ने 4 विकेट तथा प्रीतम कुमार एवं सुमित अग्रवाल ने 3-3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरबा 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 107 रन ही बना सकी। कोरबा की ओर से आयुश शर्मा एवं आयुश कुमार ने 23-23 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से बद्री नारायण मीणा, इम्तियाज तथा स्नेहित ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ब्लू ने मैच एक रन से जीत लिया। ग्रुप सी का चौथा टी-20 मैच बुधवार को जषपुर तथा जांजगीर चांपा के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। जिसमें जशपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जशपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 133 रन बनाये। जिसमें प्रभात आनंद ने 49 रनों का योगदान दिया। जांजगीर चांपा की ओर से आयुश क्रिस्टोफर ने 3 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जांजगीर चांपा 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 103 रन ही बना सकी। जांजगीर चांपा की ओर से प्रवीण केंवट ने 48 रनों का योगदान दिया। जशपुर की ओर से मनीश पन्ना, प्रशांतानुज तथा अवधेश ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। जशपुर ने मैच 30 रनों से जीत लिया। ग्रुप सी का पांचवा टी 20 मैच बुधवार को राजनांदगांव तथा नारायणपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। जिसमें नारायणपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये नारायणपुर ने 20 ओवरों में 2 विकेट खोकर 116 रन बनाये। नारायणपुर की ओर से चेतन श्रीवास ने 52 रन तथा यश कुमार वर्दा ने 51 रनों का योगदान दिया। राजनांदगांव की ओर से विकल्प तिवारी ने 2 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजनांदगाव की टीम ने 15.2 ओवरों में 2 विकेट खोकर 120 रन बनाये तथा मैच जीत लिया। राजनांदगांव की ओर से हर्ष साहु ने 67 रनों का योगदान दिया। नारायणपुर की ओर से शाश्वत एवं कृष्णा ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। राजनांदगांव ने मैच 8 विकेट से जीत लिया। ग्रुप डी का तीसरा टी 20 मैच बुधवार को कांकेर तथा बस्तर के मध्य कांकेर ग्ाउंड, कांकेर में खेला गया। बस्तर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 144 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कांकेर की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट पार 129 रन ही बना सकी। कांकेर की ओर से पवन महंत ने 26 रन तथा अजय नेताम ने 24 रनों का योगदान दिया। बस्तर की ओर से कौशलेन्द्र सिंह ने 3 विकेट तथा अनस खान ने 2 विकेट प्राप्त किये। बस्तर ने मैच 15 रनों से जीत लिया।

### नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में मनीष बने उपविजेता



**रायपुर।** रायपुर के बैडमिंटन खिलाड़ी मनीष गुप्ता ने एक बार फिर अपने साथी पंकज नथानी के साथ मिलकर राज्य का नाम रोशन किया है। चंडीगढ़ के पंचकूला में खेले जा रहे 46वीं ऑल इंडिया योनेक्स सनराइज इंडियन मास्टर्स नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के मुकाबले में 35 प्लस आयु वर्ग में मनीष गुप्ता उपविजेता रहे। मनीष गुप्ता और पंकज फाइनल मैच में पांडिचेरी के युवराज और सुब्रमण्यम के हाथों 12- 21 और 13-21 अंकों से पराजित हुए। ऑल इंडिया लेवल पर खेले गए टूर्नामेंट में मनीष और पंकज पांच मैचों में अपने शानदार प्रदर्शन से लगातार बाजी मारते रहे। पहला मैच में उन्होंने मध्य प्रदेश के सत्येंद्र और अंकित को 21-11 21-19 से दूसरे मैच में चंडीगढ़ के साहिल और सत्येंद्र को 21-13 और 21-19 से पराजित कर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्री क्वार्टर फाइनल में इन दोनों का मुकाबला राजस्थान के विक्रमादित्य और विक्रांत के साथ हुआ जिसमें यह 21-18 21-15 के अंतर से विजेता रहे। क्वार्टर फाइनल में इन्होंने तेलंगाना के मोहन और उदय को 21-19 21-11 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में पंजाब के खिलाड़ी मयंक और अनुज को इन्होंने आसानी से 21-16 और 21-14 के अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर गए। फाइनल में इनका मुकाबला पांडिचेरी तमिलनाडु के युवराज और सुब्रमण्यम से हुआ जिसमें 12-21 13-21 अंकों के साथ उपविजेता का खताब जितने में कामयाब रहे

● लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा अवसाद, सावधान रहना जरूरी

# डिप्रेशन महसूस होने पर भूलकर भी न करें ऐसे काम, सेहत पर पड़ सकता है बुरा प्रभाव

अवसाद और तनाव आज एक गंभीर बीमारी बन चुकी है। डिप्रेशन की समस्या लोगों के जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। डिप्रेशन के कारण कई तरह की बीमारियों से लोग ग्रसित होने लगते हैं। तनाव या अवसाद की स्थिति में व्यक्ति को कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। इसके उल्ट जब डिप्रेशन महसूस होने पर लोग कुछ ऐसी गलतियां कर जाते हैं, जो उन्हें नहीं करनी चाहिए। इससे सेहत पर बुरा असर पड़ता है और डिप्रेशन की स्थिति अधिक नुकसानदायक हो जाती है। ऐसे में अगर आपको डिप्रेशन महसूस हो रहा हो तो इस समस्या को कम करने और खुद को अवसाद की स्थिति से बाहर निकालने के लिए कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें। खुद को अकेला न होने दें और डिप्रेशन महसूस होने पर पांच काम भूल कर भी न करें। चलिए जानते हैं अवसाद या तनाव होने पर क्या नहीं करना चाहिए।



### जरूरत से ज्यादा खाना

कई बार लोग डिप्रेशन होने पर ओवर इटिंग करने लगते हैं। तनाव की स्थिति में भले ही उन्हे भूख न लगी हो, लेकिन इसके बावजूद वह ज्यादा खा लेते हैं। ऐसा करने से शरीर को नुकसान होने लगता है। शारीरिक और मानसिक तौर पर कई बीमारियों से आप ग्रसित हो सकते हैं। जैसे अनिद्रा की समस्या, अपच की समस्या या पेट में गैस आदि हो सकती है। अवसाद जो एक तरह से आपकी मानसिक स्थिति होती है वह शारीरिक समस्याओं को भी बढ़ा देती है। इसलिए ओवर ईटिंग से बचें।

### नशा न करें

अक्सर देखा जाता है कि डिप्रेशन का शिकार लोग नशा करने लगते हैं। वह अधिक धूम्रपान या शराब का सेवन शुरू कर देते हैं। अवसाद या तनाव में अल्कोहल के सेवन से बचना चाहिए।

### अकेले न रहें

तनाव या अवसाद की स्थिति में पीड़ित अकेला और उदास रहने लगता है। इस तरह के लक्षण को नजरअंदाज न करते हुए खुद को अकेला न होने दें। खुली हवा में निकलें। शुद्ध वातावरण को महसूस करें। कमरे में बंद रहने के बजाए परिवार या दोस्तों के साथ समय बिताने की कोशिश करें। लोगों से मिले और मन की भावनाओं को दबाएं नहीं, बल्कि खुलकर बात करें।

### वर्चुअल डिस्ट्रेक्शन से बचें

डिप्रेशन में लोग दूसरों से घुलने मिलने की बजाए अपना समय मोबाइल, लैपटॉप या वीडियो गेम्स में बिताते हैं। इससे स्ट्रेस बढ़ता है। लोग अवसाद की स्थिति में ऐसे गाने या म्यूजिक सुनते हैं, जो तनाव को कम करने के बजाए बढ़ा सकता है। आपका मूड इससे अधिक खराब हो सकता है। इसलिए इन चीजों से बचें और लोगों के साथ वक्त बिताएं।

### लेटे रहने से बचें

डिप्रेशन से पीड़ित लोग अक्सर ही बिस्तर पर लेटे रहते हैं। वह जैसे ही फ्री होते हैं लेटना पसंद करते हैं। हालांकि इससे उन्हें अनिद्रा की समस्या भी हो जाती है। इसलिए लेटे रहने के बजाए वॉक पर निकलें। कसरत, योग या डांस करें। खुद को व्यस्त रखें। सोशल मीडिया या भ्रामक बातों से दूर रहें।



# रिश्तों को मजबूती देगा साथ-साथ वर्जिश करना



नियमित रूप से वर्कआउट / एक्सरसाइज का अभ्यास आपको फिट बनाता है। यह एक्टिव लाइफस्टाइल जीने का एक तरीका है। कोई अकेले वर्कआउट करने जिम जाता है तो कोई दोस्त के साथ। वहीं कुछ लोग जिम में अपनी गर्लफ्रेंड या वाइफ के साथ भी जाते हैं। जो लोग अपनी पार्टनर के साथ जिम जाते हैं, उनके लिए इस दौरान किया गया वर्कआउट काफी इफेक्टिव हो सकता है। आपने शायद नोटिस किया जो बेस्ट कपल अधिकतर चीजें एक साथ करते हैं जैसे :डिनर, बाहर घूमने जाने का प्लान और शॉपिंग आदि।

यदि आप भी शादीशुदा हैं तो इस बात के महत्व को समझ सकते हैं। शायद आप दोनों भी मिलकर उन मूवमेंट को अच्छे से इंजॉय करते होंगे। जो कपल्स समय की कमी के कारण या अन्य किसी कारण से साथ में समय नहीं बिता पाते वे साथ में वर्कआउट करके भी रिश्ते में रोमांस ला सकते हैं।

अमेरिका में हुई रिसर्च से यह साबित हो चुका है कि कपल्स यदि साथ में एक्सरसाइज करते हैं, तो रिश्ते में गहराई आती है और यह अधिक मजबूत होता है। हो सकता है इस पर आपकी राय कुछ अलग हो। लेकिन इसके लिए आपको कपल्स एक्सरसाइज के फायदे बता रहे हैं, जिन्हें जानकर आप भी अपनी पार्टनर के साथ वर्कआउट कर सकते हैं। यह जरूरी नहीं कि आप जिम में ही वर्कआउट करें। आप दूर हैं तो वीडियो कॉल या होम वर्कआउट का भी सहारा ले सकते हैं।



### रोमांटिक रिश्ते की क्वालिटी बढ़ाएं

कई रिसर्च से साफ हुआ है कि यदि कपल्स साथ में वर्कआउट करते हैं तो वे अपने रिलेशन से संतुष्ट रहते हैं। यह भी पाया गया है कि जो लोग गर्लफ्रेंड या पत्नी के साथ एक्सरसाइज करते हैं उनके बीच रोमांटिक रिलेशन होता है।

हो सकता है इस तरह आप अपने रिश्ते को उस मुकाम पर ले जाएं, जहां पर किसी दूसरे तरीके से न ले जा पाएं। इसलिए हो सके तो साथ में वर्कआउट करें।

### जिम्मेदारी का अहसास कराता है

आप सुबह 5 बजे एक्सरसाइज के लिए जाते हैं और उसके लिए आपको पुश की जरूरत होती है तो आपकी पार्टनर उसमें आपकी मदद कर सकती है। संभव है कभी आपकी पार्टनर जिम जाने में आलस कर रही हो तो कभी आप। यदि आप दोनों साथ एक्सरसाइज करते हैं तो यह आपको जिम्मेदारी का अहसास कराएगा कि आपके कारण सामने वाला भी वर्कआउट नहीं कर पाएगा। इससे दोनों का सेशन अच्छा रहेगा।

### टीम वर्क

ऑफिस हो या घर के काम। किसी भी काम को एक से अधिक लोग करते हैं तो वह काम काफी आसान हो जाता है और जल्दी भी हो जाता है। टीम वर्क का यही फायदा है। टीम वर्क को हमेशा ही बेस्ट माना जाता है। इसलिए यदि आप अपने पार्टनर के साथ एक्सरसाइज करते हैं तो दोनों को गोल अचीव करने में आसानी होगी। कोई भी वर्कआउट शुरू करना, एक-दूसरे को मोटिवेट करना और फिटनेस गोल तक पहुंचाना। इसलिए टीम वर्क में एक्सरसाइज करें।

# घर की उत्तर पश्चिम दिशा में नहीं रखनी चाहिए ये चीजें



वास्तु शास्त्र में दिशाओं का विशेष महत्व माना गया है। हर वस्तु व दिशा की अपनी एक अलग एनर्जी होती है। इसलिए, अगर हर दिशा के महत्व को समझकर उसी के अनुसार घर में चीजें रखी जाती हैं तो हर ओर सकारात्मकता का माहौल बनता है। व्यक्ति अधिक प्रसन्न रहता है और उसे उन्नति के द्वार खुलते हैं। यहां पर दिशाओं का अर्थ सिर्फ चार मुख्य दिशाओं से ही नहीं है, बल्कि कुछ उप दिशाएं भी होती हैं। इन्हीं में एक है उत्तर पश्चिम दिशा, जिसे वायव्य कोण भी कहा जाता है। यह उत्तर और पश्चिम के बीच की दिशा होती है। यह दिशा काफी अस्थिर मानी जाती है। इसलिए, जब इस दिशा में गलत चीजों को रखा जाता है तो इससे व्यक्ति के जीवन के हर पहलू पर असर पड़ता है। हो सकता है कि इससे व्यक्ति के सामाजिक और व्यक्तिगत संबंध प्रभावित होने लगें या फिर उसे किसी तरह के वित्तीय या कानूनी संकट का सामना करना पड़े।

### ना रखें तिजोरी

घर की उत्तर-पश्चिम दिशा में कभी भी धन की अलमारी या तिजोरी नहीं रखनी चाहिए। दरअसल, उत्तर-पश्चिम दिशा को चलने की दिशा माना जाता है।

### बड़े-बुजुर्गों का ना हो कमरा

कभी भी घर की उत्तर-पश्चिम दिशा में बड़े-बुजुर्गों का कमरा नहीं होना चाहिए। दरअसल, घर के बड़े-बुजुर्गों का अपना एक सम्मान होता है और सभी छोटे सदस्य उनकी बात मानते हैं। लेकिन अगर इस दिशा में बड़े-बुजुर्गों का कमरा होता है तो इससे उनके सम्मान में कमी आ जाती है। हो सकता है कि घर के छोटे सदस्य उनकी बातों को नजरअंदाज करना शुरू कर दें।

# जल्दी है खाना बनाना, तो ये ट्रिक्स जरूर आजमाना



मम्मी किचन में घुसती है और 30 मिनट में खाना तैयार कर देती है, जबकि हमें घंटे लग जाते हैं। आइए आज आपको खाना जल्दी पकाने के ट्रिक्स बताएं। ये आपके काम आएंगे जब आपको कही जाने की जल्दी होती है।

मुझे हमेशा ताज्जुब होता है कि मेरी मां कैसे मिनटों में खाना तैयार कर देती हैं। ऐसा लगता है जैसे उनके पास कोई जादू की छड़ी है, जिसे घुमाते ही वह तमाम व्यंजन तैयार कर देती हैं। वहीं, हम अगर किचन में घुस जाएं, तो खाना बनाने में घंटों लगा देते हैं। हर कोई चाहता है कि किचन का काम जल्दी निपट जाए, ताकि वह सुकून से बिस्तर पर बैठकर आराम कर सके। खाना बनाना और फिर किचन समेटने में ही काफी वक्त निकल जाता है। कई बार मेहमान आ जाएं, तो फिर आपको पूरा दिन ही किचन में बिताना पड़ जाता है।

### दाल को मिनटों में पकाने के ट्रिक्स

आप जो भी दाल बना रहे हैं, उसे कुकर प्रेशर में टमाटर और बाकी मसालों के साथ सीटी लगा लें। सीट लग जाने के बाद, एक पैन में तड़का तैयार करें और दाल में मिलाकर मैश कर लें। 2-3 मिनट तक दाल को पकने दें।

### लहसुन और अदरक कूटने के टिप्स

लहसुन और अदरक पीसने में आपको भी दिक्कत आती है? हम लोग अपने काम को आसान करने के लिए उन्हें ग्रेट कर लेते हैं, लेकिन उनका असली मजा पीसकर खाने में मिलाने से ही आता है। अब लहसुन और अदरक को कूटनी में कूटते हुए दिक्कत यह आती है कि वह इधर-उधर छटकने लगते हैं।

# दांतों को रखना है स्वस्थ तो बदल लें इन आदतों को

हर साल 20 मार्च को ओरल हेल्थ डे मनाने का उद्देश्य लोगों को ओरल हेल्थ और ओरल हाइजीन के प्रति जागरूक करना है। आजकल ओरल हेल्थ आम समस्या हो गई है। मुंह की सफाई, दांतों की मजबूती और चमक के लिए लोगों को प्रेरित किया जाता है। दांतों की मजबूती और चमक बरकरार रखना मुश्किल काम नहीं लेकिन जानें-अनजाने की गई कुछ गलतियों के कारण दांत कमजोर हो जाते हैं और दांतों में पीलापन नजर आने लगता है। यहां ऐसी गलत आदतों के बारे में बताया जा रहा है, जिसे छोड़ दिया तो दांत मजबूत और चमकदार बन जाएंगे।

गलत तरीके से ब्रश करने से इनेमल को नुकसान होने के साथ कैविटी के प्रति संवेदनशीलता बढ़ती है और मसूड़े संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। जोर से ब्रश करने से ठंडी और गर्म चीजों के सेवन से सेंसिटिविटी बढ़ सकती है। वहीं दांतों को दिन में दो बार ब्रश करना भी बहुत जरूरी है। दांतों की सेहत को चीनी नुकसान पहुंचा सकती है। इसके सेवन से मुंह में एसिड पैदा करने वाले बैक्टीरिया बढ़ते हैं। जेली कैंडी जैसी चिपचिपी मिठाइयां दांतों के लिए नुकसानदायक होती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, खट्टी कैंडी में कई तरह के एसिड होते हैं जो दांतों में सड़न पैदा करने के साथ ही दांतों की ऊपरी परत को नष्ट करने लगते हैं।



### बिना कुल्ला किए सोना

कुछ लोगों को बेड टाइम पर चाय या कॉफी पीने की आदत होती है। इसके अलावा रात में आइसक्रीम, स्वीट या दूध पीकर सोते हैं। लेकिन खाने पीने के बाद कुल्ला न करना और ऐसे ही सो जाना दांतों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। कीटाणु मुंह में फैल कर दांतों को कमजोर बनाते हैं और दुर्गंध का कारण बनते हैं। इसलिए रात में सोने से पहले ब्रश या कुल्ला करें। ब्रश के बाद कुछ न खाएं।नर्वस होने पर लोगों की आदत होती है कि वह दांतों से नाखून चबाते हैं। इससे आपका मुंह बैक्टीरिया के संपर्क में आता है।
















